Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 315 | शुक्रवार,20 नवम्बर-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

अराजकता फैलाने वालों को मिट्टी में मिलाने में नहीं लगेगी देर: योगी

अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती देने वालों में आमने-सामने लड़ने की हिम्मत नहीं: सीएम योगी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान एक किशोर की मौत पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे निर्मम हत्या करार दिया है।

उन्होंने प्रशासन को सख्त निर्देश दिया कि सड़क पर अराजकता फैलाने वाले गुंडों को ढूंढ निकालें और उन्हें ऐसी कठोर सजा दिलाएं जिसे उनकी कई पीढ़ियां याद रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुत्ते की पूंछ कभी सीधी नहीं हो सकती।

ये गुंडे और माफिया डंडे के बल पर ही सीधे होंगे। प्रदेश की सड़कें आम जनमानस के सुगम आवागमन के लिए बनी हैं, न कि सपा और कांग्रेस के गुंडों की अराजकता के लिए। यदि किसी ने दोबारा माफियागिरी दिखाने का दुस्साहस किया, तो उसे मिट्टी में मिलाने में देर नहीं लगेगी।



मुख्यमंत्री गुरुवार को गोरखपुर के कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र के भारीवैसी में उत्तर प्रदेश के प्रथम वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के भूमिपूजन तथा 792 करोड़ रुपये से अधिक की 55 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से विश्वविद्यालय का भूमिपूजन किया और कल्पवृक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झंगहा से गोरखपुर पढ़ने आए किशोर को सपा के रोड शो का शिकार बना दिया गया। माफिया के पोषक मौन रहे और संवेदना का एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने इस घटना पर शोक एवं संवेदना जताते हुए पीड़ित परिवार से मिलने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि भक्तों को राम अच्छे दिनों में याद आते हैं, लेकिन दुर्जनों को अंत समय में मारीच की तरह राम नाम याद आता है। उन्होंने चुनौती दी कि हिम्मत है तो अयोध्या से नामांकन करें, आमने सामने मुकाबला होगा। कायर पीछे से वार करते हैं।

ओवैसी और इंडी गठबंधन पर निशाना

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा, बसपा व एआईएमआईएम को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे बताते हुए कहा कि हैदराबाद से आया मौलाना मचल रहा है। चुनाव परिणाम के साथ ही हैदराबाद का भाग्यलक्ष्मीपुरम बनना तय हो जाएगा।

अगले सत्र से शुरू होंगी कक्षाएं

मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले सत्र से वैकल्पिक स्थान पर वानिकी विश्वविद्यालय की कक्षाएं शुरू होंगी और तय समय सीमा में भवन बनेगा। यहां स्नातक, परास्नातक, पीएचडी व डिप्लोमा स्तर के सिल्वीकल्चर, एग्रोफॉरेस्ट्री व औद्यानिकी पाठ्यक्रम चलेंगे।

किसानों को विशेष पैकेज, एग्रोफॉरेस्ट्री नियम होंगे सरल

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को गोरखपुर में 500 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है और जल्द ही अलग से विशेष पैकेज मिलेगा। एग्रोफॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए नियमों में संशोधन होगा।

साढ़े नौ वर्ष में 280 करोड़ वृक्षारोपण

वैदिक सूत्र 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण दोहन से आपदाएं आती हैं। 12 जुलाई 2026 को एक दिन में 35 करोड़ व साढ़े नौ वर्ष में 280 करोड़ पौधे लगे, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'मन की बात' में भी किया।

कब्रिस्तान नहीं, मंदिरों पर खर्च हो रहा बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में दलित, पिछड़े, निषाद, यादव, सैंथवार, वैश्य व ब्राह्मण समुदाय की जमीनें कब्जाकर कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए पैसा दिया जाता था। अब वही बजट 4,500 से अधिक मंदिरों के पुनरुद्धार पर खर्च हो रहा है।

कांग्रेस में बड़ा फेरबदल: एआईसीसी के 25 सचिव पदमुक्त, 81 नेताओं को मिली नई जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के 25 सचिवों और संयुक्त सचिवों को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया है। पार्टी ने कई सचिवों की जिम्मेदारियों में बदलाव करने के साथ विभिन्न राज्यों और संगठनात्मक विभागों के लिए नए सचिवों की नियुक्ति भी की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने इन नियुक्तियों और जिम्मेदारियों में बदलाव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी है।

पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी ने कुल 81 सचिवों को विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संगठनात्मक विभागों की जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें असम, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड, गुजरात, कर्नाटक, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, ओडिशा, तेलंगाना, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत अन्य राज्यों के प्रभारी शामिल हैं। पार्टी ने संचार, प्रचार, मीडिया, सोशल मीडिया एवं डिजिटल मीडिया की सचिव डॉ. विनीत पुनिया और रुचिरा चतुर्वेदी की जिम्मेदारी को बरकरार रखा है।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यालय की जिम्मेदारी प्रणव झा और गौरव पांधी को एक बार फिर से उत्तरदायित्व सौंपा गया है। उत्तर प्रदेश में अभिषेक दत्त, वरुण चौधरी, कुणाल चौधरी, जगदीश चंदर जांगिड़, अब्दुल हन्नान और संजीव आर्य की जिम्मेदारी बरकरार रखी गई है। राजस्थान के लिए विश्व विजय सिंह, पोरलाक खार्ते, डॉ. पलक वर्मा और मनोज बागड़ी को सचिव बनाया गया है।

जिम्मेदारी से मुक्त किए गए 25 नेताओं में अंबा प्रसाद, बी.एम. संदीप, चेतन चौहान, चिरंजीव राव, क्रिस्टोफर तिलक, देवेंद्र यादव, दिव्या मदेरणा और मंसूर अली खान सहित अन्य नेता शामिल हैं। नवीन शर्मा, पी. गोपी, पी. विश्वनाथन, पृथ्वीराज साठे, पूनम पासवान, रोजी एम. जॉन, रुत्विक मकवाना, एस.ए. संपत कुमार, संजना जाटव, शहनवाज आलम, टी.एन. प्रतापन, उषा नायडू और विजय जांगिड़ को भी जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, सभी नियुक्तियां और जिम्मेदारियों में बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

दाढ़ी रख लेने से हर कोई मौलाना नहीं बन जाता, जेल से बाहर आते ही ओवैसी पर आजम का पहला बयान!

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



रामपुर। जेल से निकलने के बाद आजम खान का बड़ा बयान सामने आ गया। आजम खान ने कहा कि अब चुनाव नहीं इंकलाब होगा। आजम खान ने ये भी ऐलान कर दिया है कि इस बार उत्तर प्रदेश में होने वाले चुनाव को वो लड़ेंगे। अब लोग धर्म-जाति के नाम पर नहीं लड़ेंगे। आजम खान ने कहा कि न्याय तो न्याय है, लेकिन बदला किसी से नहीं लिया जाएगा। आजाम खान ने रिहाई के बाद बीजेपी पर भी निशाना साधा। आजम ने कहा कि बीजेपी बेइमानी से जीती है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आपने पार्लियामेंट के नतीजे नहीं देखें। विधानपरिषद के नतीजे नहीं देखें क्या थे। ये जो सीटें जीती हैं वो बेइमानी से जीती हैं।

आजम खान ने इंडिया गठबंधन पर भी सवाल उठाए हैं। आजम खान का आरोप है कि रामपुर में पहली बार 'वोट चोरी' होने पर गठबंधन ने इस मुद्दे को नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान लोगों को हथियार दिखाकर डराया-धमकाया गया और उन्हें वोट देने से रोका गया, जिससे वे अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सके। आजम के मुताबिक, यह सीधा-सीधा रामपुर का चुनाव लूटने जैसा था। आजम खान का कहना है कि अगर इंडिया ब्लॉक ने उसी समय इस मामले को गंभीरता से उठाया होता तो हरियाणा और महाराष्ट्र में भी ऐसी घटनाएं नहीं होतीं। आजम खान ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा, वो मौलाना नहीं हैं, बैरिस्टर हैं।

एमपी कैबिनेट का बड़ा फैसला, दो से अधिक बच्चों वाले भी होंगे सरकारी नौकरी के पात्र

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दो से अधिक संतान होने पर सरकारी नौकरी से वंचित करने और सरकारी कर्मचारियों को दंडित करने वाले नियमों को समाप्त करने का फैसला किया है। इस फैसले के अमल में आने के बाद अब तीसरी संतान होने पर न तो किसी कर्मचारी को नौकरी से बर्खास्त किया जा सकेगा और न ही नयी भर्तियों में तीन बच्चों वाले उम्मीदवार अयोग्य ठहराए जाएंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जिले के गांधीसागर में हुई इस बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियमों से दो से अधिक जीवित बच्चों से संबंधित प्रावधान को हटाने और इसके तहत शुरू की गई सभी लंबित अनुशासनात्मक कार्रवाई को तुरंत खत्म का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 25 साल से लागू इस नियम को समाप्त करने के लिए मंत्रिमंडल की बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग के सिविल सेवा नियम, 1961 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। एक अधिकारी ने दावा किया कि इससे सिर्फ स्कूल शिक्षा विभाग के ही 30,000 से ज्यादा शिक्षकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही उन अभ्यर्थियों को भी फायदा होगा, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं और वे सरकारी नौकरी पाने को प्रयासरत हैं। बाद में जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल ने शासकीय सेवकों के लिए दो से अधिक जीवित संतान संबंधी नियम को समाप्त करने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार केवल दो से अधिक जीवित संतान होने के आधार पर शासकीय सेवकों के विरुद्ध वर्तमान में संचालित समस्त अनुशासनात्मक कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाएगा। इसमें कहा गया कि मंत्रिमंडल ने इसके अतिरिक्त यह भी तय किया है कि जिन शासकीय सेवकों के विरुद्ध दो से अधिक जीवित संतान के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पूर्व में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अंतिम आदेश पारित कर दंड दिया गया है, उन प्रकरणों को पुनर्जीवित नहीं किया जाएगा। मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से सरकारी नौकरियों में दो बच्चों की पाबंदी का नियम 26 जनवरी 2001 को लागू किया गया था। इसके तहत यदि किसी व्यक्ति की दो से अधिक जीवित संतान थीं और उनमें से तीसरी संतान का जन्म 26 जनवरी 2001 या उसके बाद हुआ था तो वह सरकारी नौकरी के लिए अपात्र माना जाता था। यादव ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में एकीकृत औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, नवीकरणीय ऊर्जा, हवाई संपर्क और प्रशासनिक सुधारों से संबंधित दूरगामी परिणामों वाले फैसलों को भी मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि औद्योगिक अवसंरचना के विस्तार के लिए, मंदसौर जिले में एक एग्रो पार्क और केमिकल पार्क, रतलाम में बायो-फार्मा पार्क और धार जिले में वस्त्र एवं संबद्ध उद्योग पार्क स्थापित करने की मंजूरी दी गई है।

महाराजगंज में कूड़ेदान खरीद घोटाला: पूर्व एडीएम और एसडीएम समेत 12 लोगों पर ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया केस

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



महाराजगंज। उत्तर प्रदेश में महाराजगंज जिले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने घुघली नगर पंचायत में कूड़ेदान खरीदने के नाम पर कथित आर्थिक अनियमितता एवं सरकारी धन के गबन के मामले में पूर्व अपर जिलाधिकारी (एडीएम), उपजिलाधिकारी (एसडीएम) तथा नगर पंचायत के अधिकारियों समेत 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार, मामला वर्ष 2018 में घुघली नगर पंचायत द्वारा 100 लीटर क्षमता वाले 200 कूड़ेदान खरीदने से जुड़ा है। जांच में पता चला कि स्थानीय बाजार में एक कूड़ेदान की कीमत 2,400 से 3,400 रुपये के बीच थी, जबकि टेंडर 14,160 रुपये प्रति कूड़ेदान की दर से मंजूर किया गया।

इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका सामने आई। जांच में टेंडर के नियमों के उल्लंघन की बात भी सामने आई है। जांच के अनुसार, खरीद प्रक्रिया शुरू होने के करीब पांच साल बाद 20 मई और 21 अगस्त 2023 को सौरभ एग्रो केमिकल्स को 13.68-13.68 लाख रुपये की दो किस्तों में कुल 27.36 लाख रुपये का भुगतान किया गया। मामले में पूर्व एडीएम इंद्रभूषण वर्मा, पूर्व एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्रा, पूर्व कार्यकारी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उर्मिला देवी और मौजूदा अध्यक्ष संतोष जायसवाल के नाम शामिल हैं। इनके अलावा एक पूर्व क्लर्क, अन्य अधिकारियों और तीन फर्म संचालकों को भी आरोपी बनाया गया है। इनमें सौरभ एग्रो केमिकल्स के संजय सिंह तथा नारायण एग्रो केमिकल्स के लक्ष्मीशंकर सिंह और सीमा सिंह शामिल हैं।

कहीं कट न जाए भारी चालान! सरकार ने बदल दिए प्रदूषण जांच के नियम, हर 6 महीने में कराना होगा पीयूसी टेस्ट

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से 13 नवंबर को अधिसूचित नए नियमों के तहत अब वाहनों की आयु और उत्सर्जन मानकों के आधार पर पीयूसी प्रमाणपत्र की वैधता तय की जाएगी। नई व्यवस्था में नए वाहनों को जांच से राहत मिलेगी, जबकि पुराने वाहनों को अधिक बार प्रदूषण जांच करानी होगी।

संशोधित नियमों के अनुसार, बीएस-6 मानक वाले छह साल तक पुराने निजी वाहनों को हर तीन साल में पीयूसी प्रमाणपत्र का नवीनीकरण कराना होगा। छह साल से अधिक और 10 साल तक पुराने वाहनों के लिए यह अवधि एक वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं, 10 साल से अधिक पुराने वाहनों को प्रत्येक छह महीने में प्रदूषण जांच कराकर प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य होगा।

व्यावसायिक वाहनों के लिए भी अलग समय-सीमा निर्धारित की गई है। छह साल तक पुराने बीएस-6 व्यावसायिक वाहनों को हर दो साल में, छह से 10 साल तक पुराने वाहनों को हर साल और 10 साल से अधिक पुराने वाहनों को प्रत्येक छह महीने में पीयूसी प्रमाणपत्र का नवीनीकरण कराना होगा।

बीएस-1, बीएस-2 और बीएस-3 मानकों वाले वाहनों के लिए पीयूसी प्रमाणपत्र की वैधता तीन महीने तथा बीएस-4 मानक वाले वाहनों के लिए छह महीने निर्धारित की गई है। ये बदलाव मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत केंद्रीय मोटर वाहन (सोलहवां संशोधन) नियम, 2026 के माध्यम से लागू किए गए हैं।

दिल्ली में 25,610 वाहनों के चालान

दिल्ली में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लागू शीतकालीन कार्ययोजना के तहत भी वाहनों की जांच में सख्ती की गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में सामने आया कि एक से 17 नवंबर के बीच वैध पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं होने पर 25,610 वाहनों के चालान किए गए। दिल्ली की सीमाओं पर बीएस-6 से नीचे के उत्सर्जन मानकों वाले 1,81,548 वाहनों की जांच की गई। इनमें से 30,742 वाहनों को वापस भेजा गया, 2,817 के चालान किए गए और 189 वाहनों को जब्त किया गया। नियमों के उल्लंघन पर कुल 5.42 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा जनवरी से 16 नवंबर के बीच प्रदूषण फैलाने वाले 41,659 पुराने वाहनों को जब्त किया गया और 64,800 वाहनों को कबाड़ किया गया। पिछले 12 महीनों में स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली के कैमरों ने बीएस-3 या उससे पुराने उत्सर्जन मानकों वाले 7,055 वाहनों की पहचान की। केंद्र सरकार का संशोधित पीयूसी नियम पूरे देश में लागू होगा, जबकि दिल्ली की शीतकालीन प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था इससे अलग है। ऐसे में वाहन मालिकों को अपने वाहन की आयु और उत्सर्जन मानक के अनुसार पीयूसी प्रमाणपत्र की वैधता पर ध्यान देना होगा, अन्यथा जांच के दौरान चालान और जुमार्ने का सामना करना पड़ सकता है।

नवीनीकरण की तारीख को लेकर भी स्पष्टता

नए नियमों में प्रमाणपत्र के नवीनीकरण की प्रभावी तारीख को लेकर भी व्यवस्था स्पष्ट की गई है। यदि मौजूदा प्रमाणपत्र की समाप्ति से 10 दिन पहले नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तो नया प्रमाणपत्र पुराने प्रमाणपत्र की समाप्ति तिथि से प्रभावी होगा। अन्य मामलों में प्रमाणपत्र नवीनीकरण की तारीख से मान्य होगा। पुराने नियमों के तहत जारी प्रमाणपत्रों पर नई व्यवस्था तभी लागू होगी, जब उनका पहली बार नवीनीकरण कराया जाएगा।

गोरखपुर में अखिलेश यादव के रोडशो के दौरान जेसीबी की टक्कर से किशोर की मौत, 66 पर केस दर्ज

वेलकम इंडिया, नेटवर्क





गोरखपुर। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के रोडशो के दौरान कथित रूप से एक जेसीबी मशीन की चपेट में आने से 13 साल के लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस घटना के बाद पीड़ित के परिवार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो गया।

परिवार के अनुसार, भाजपा नेता ओंकार सिंह के बेटे आर्यवर्धन को बुधवार अपराह्न करीब 2.30 बजे कथित तौर पर जेसीबी ने टक्कर मार दी। घटना के वक्त आर्यवर्धन अपनी बहन समृद्धि को लेने के लिए पास के एक चौराहे की ओर जा रहा था। परिवार और पुलिस ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय, नंद नगर के कक्षा 10 के छात्र आर्यवर्धन को एम्स गोरखपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि जेसीबी चालक और रोडशो के आयोजकों की भूमिका की जांच की जा रही है और जांच के नतीजों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना बुधवार को उस वक्त हुई जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह क्षेत्र गोरखपुर में अपनी 'रथ यात्रा' निकाल रहे थे। किशोर की मौत से परिवार के सदस्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है।

उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई में देरी करने का आरोप लगाया है। गोरखपुर से सांसद और भाजपा नेता रवि किशन ने किशोर की मौत पर गहरा दुख जताया और ऐसी राजनीतिक संस्कृति पर सवाल उठाए जिससे इंसानी जान खतरे में पड़ रही है। रवि किशन ने बृहस्पतिवार को कहा, ''ओंकार सिंह मेरे दोनों चुनाव के दौरान मेरे साथ थे।

उनके छोटे बेटे को कुचलकर मार दिया गया। राजनीतिक पद और सत्ता तो आती-जाती रहती है, लेकिन यह कैसी राजनीति है, जहां जीतने की चाहत में किसी की जान चली जाए? राजनीति में भी इंसान को अपनी मानवता नहीं खोनी चाहिए और जानवर नहीं बन जाना चाहिए।'' परिवार के सदस्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार शाम करीब छह बजे झारखंडी क्रॉसिंग पर गोरखपुर-देवरिया रोड को जाम कर दिया।

संपादक की कलम


कृषि उत्पादन भारत के विकास का मूल

यदि भारत आज हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के ओर प्रयासरत है तो उसका मूल आधार कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भरता है। देश की इतनी बड़ी विशाल जनसंख्या को खाद्यान्न आपूर्ति तथा आवश्यक वस्तुओं की भरपूर तथा नियमित आपूर्ति देश के विकास को एक आधार स्तंभ प्रदान करती है। स्वतंत्रता के बाद से ही हर प्रधानमंत्री ने कृषि आधारित उत्पादन पर सदैव तत्परता दिखाकर इसके उत्पादन में वृद्धि को अपनी योजनाओं में शामिल किया है, लाल बहादुर शास्त्री जी ने तो ₹जय जवान-जय किसान₹ का नारा ही दे दिया था। वर्तमान में भी इस सरकार ने भी कृषि उत्पादन को बहुत ही बड़ी प्राथमिकता देकर अन्य सहायक विकास स्तंभों को वरीयता प्रदान की है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डब्ल्यू. आर्थर लुईस ने आर्थिक विकास के संदर्भ में कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के बीच श्रम तथा संसाधनों के संतुलित हस्तांतरण की महत्ता बताई थी। उनके विचारों का मूल संदेश यह है कि विकासशील अर्थव्यवस्था को कृषि और उद्योग के बीच ऐसा संबंध स्थापित करना चाहिए, जिसमें दोनों क्षेत्र एक-दूसरे की प्रगति के सहयोगी बनें। आज कृषि को केवल परंपरागत खेती तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। आधुनिक सिंचाई, उन्नत बीज, कृषि अनुसंधान, मृदा परीक्षण, कृषि यंत्रीकरण, भंडारण, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि उत्पादों के विपणन की बेहतर व्यवस्था आवश्यक है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और उत्पादन के बाद होने वाली बबार्दी कम हो, तभी कृषि वास्तविक आर्थिक शक्ति बन सकती है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि का आकलन केवल उसकी आर्थिक विकास दर, विशाल इमारतों, चमकते महानगरों अथवा विदेशी मुद्रा भंडार से नहीं किया जा सकता। किसी देश की आर्थिक मजबूती का वास्तविक आधार उसके मूलभूत आर्थिक प्रबंध होते हैं। कृषि उत्पादन, औद्योगिक विकास, ऊर्जा संसाधन, परिवहन व्यवस्था, शिक्षा, अनुसंधान और आधुनिक तकनीक का विस्तार मिलकर उस आर्थिक संरचना का निर्माण करते हैं, जिस पर राष्ट्र की प्रगति और सुरक्षा निर्भर करती है। जिस देश की उत्पादन क्षमता मजबूत होती है, जो अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करने में सक्षम होता है और जो वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी तकनीकी पहचान स्थापित करता है, वही देश दीर्घकालीन समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ता है। किसी भी अर्थव्यवस्था का पहला और सबसे महत्वपूर्ण आधार कृषि है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और सामाजिक स्थिरता का प्रमुख आधार है। कृषि उत्पादन में वृद्धि होने से खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, किसानों की आय बढ़ती है और ग्रामीण क्षेत्रों में क्रयशक्ति का विस्तार होता है। जब किसान की जेब में पैसा आता है तो वह बाजार में वस्तुओं और सेवाओं की मांग बढ़ाता है। इससे छोटे उद्योगों, व्यापार, परिवहन और सेवा क्षेत्र को भी गति मिलती है। इस प्रकार कृषि का विकास संपूर्ण अर्थव्यवस्था को सक्रिय करने वाली शक्ति बन जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण आधार औद्योगिक उत्पादन है। उद्योग किसी भी देश की उत्पादन क्षमता, रोजगार सृजन और आर्थिक विस्तार के प्रमुख साधन होते हैं। कृषि से प्राप्त कच्चे माल का औद्योगिक उपयोग करके उसका मूल्य बढ़ाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, कपास से वस्त्र, गन्ने से चीनी और इथेनॉल, दूध से दुग्ध उत्पाद तथा कृषि उपज से विभिन्न खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं। इससे किसान को बाजार मिलता है और उद्योगों को उत्पादन का आधार। यही कृषि और उद्योग के बीच परस्पर निर्भरता का आर्थिक स्वरूप है। औद्योगिक विकास से देश में मशीनों, उपकरणों, दवाइयों, रक्षा सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, परिवहन साधनों और निर्माण सामग्री का उत्पादन बढ़ता है।



ललित शर्मा
संपादक

हिंसा, शोषण और अभाव से मुक्त हो भारत का बचपन



ललित गर्ग
लेखक



हम में से प्रत्येक को बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, उन्हें बढ़ावा देने, उनके शोषण को रोकने, उनका समग्र विकास करने और बच्चों का उत्सव मनाने के लिए एक प्रेरणादायी अवसर के रूप में विश्व बाल दिवस है, यह उस समाज की आत्मपरीक्षा का अवसर है, जो अपने भविष्य को बच्चों की आंखों में देखता है। 20 नवंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें याद दिलाता है कि बच्चे केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। वर्ष 2026 की थीम ह्लमेरा दिन, मेरे अधिकार, मेरा भविष्यह्लह्लहै। इसी बुनियादी प्रश्न को सामने रखती है कि क्या हमारे बच्चों को वास्तव में अपने अधिकारों के साथ जीने, सपने देखने और अपना भविष्य गढ़ने का अवसर मिल रहा है? भारत में बचपन की तस्वीर विरोधाभासों से भरी है। एक ओर महानगरों के वातानुकूलित कमरों में पलते बच्चे आधुनिक शिक्षा, तकनीक और सुविधाओं से घिरे हैं, तो दूसरी ओर फुटपाथ, झुग्गियों, कारखानों, ढाबों और खेतों में ऐसे बच्चे भी हैं जिनके हाथों में किताब की जगह औजार हैं। किसी बच्चे के लिए बचपन खेल, शिक्षा और परिवार का स्नेह है, तो किसी के लिए भूख, श्रम, हिंसा और असुरक्षा से जूझने का नाम। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना की भी परीक्षा है।

सबसे गंभीर चुनौती बाल हिंसा और मानसिक दबाव की है। हिंसा का अर्थ केवल बच्चे को पीटना नहीं है। लगातार डांटना, अपमानित करना, डराना, उसकी तुलना दूसरे बच्चों से करना, उसकी इच्छा और प्रतिभा को नकारना तथा हर समय परिणाम का दबाव बनाना भी हिंसा के ही रूप हैं। आज अनेक अभिभावक चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या किसी प्रतिष्ठित पेशे में जाए। महत्वाकांक्षा गलत नहीं, लेकिन जब माता-पिता की अधूरी इच्छाओं का बोझ बच्चे के कंधों पर रख दिया जाता है, तब शिक्षा विकास का माध्यम न रहकर तनाव का कारण बन जाती है। स्कूल भी इससे अछूते नहीं हैं। अनुशासन के नाम पर अपमान, डर और कठोरता बच्चे के व्यक्तित्व को भीतर से तोड़ सकती है। जिस विद्यालय में बच्चे को प्रश्न पूछने, गलती करने और फिर सीखने का अवसर मिलना चाहिए, वहां भय का वातावरण उसकी रचनात्मकता को कुंठित कर देता है। हमें यह समझना होगा कि डर से आज्ञाकारी बच्चा तो बनाया जा सकता है, लेकिन आत्मविश्वासी नागरिक नहीं।

भारत में बाल मजदूरी, बाल तस्करी, यौन शोषण और भिक्षावृत्ति जैसी समस्याएं आज भी हमारी सामूहिक चेतना एवं राजनीतिक नेतृत्व पर प्रश्नचिह्न हैं। आर्थिक मजबूरी के कारण अनेक बच्चे शिक्षा से दूर होकर श्रम की दुनिया में पहुंच जाते हैं। कुछ खतरनाक उद्योगों और असुरक्षित कार्यस्थलों पर काम करने के लिए विवश होते हैं। कई बच्चे तस्करी के जाल में फंसकर अपने परिवार और बचपन दोनों से दूर हो जाते हैं। सबसे पीड़ादायक स्थिति उन बच्चों की है जिन्हें अपराध, भीख या यौन शोषण के अंधेरे में धकेल दिया जाता है। इन परिस्थितियों में उनसे केवल उनका वर्तमान नहीं छीना जाता, बल्कि भविष्य की संभावनाएं भी छीन ली जाती हैं। गरीबी बचपन की सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन गरीबी से भी बड़ी समस्या है अवसरों की असमानता। यदि किसी गरीब परिवार का बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण से वंचित रहता है तो वह अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग कैसे करेगा? विकसित भारत का सपना तभी वास्तविक होगा जब विकास की रोशनी गांव, झुग्गी, श्रमिक परिवार और वंचित समुदाय के बच्चे तक पहुंचेगी। किसी राष्ट्र की प्रगति का सही पैमाना उसके सबसे कमजोर बच्चे की स्थिति है।

इसलिए बाल अधिकारों को केवल कानून की पुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय घर, स्कूल और समाज की संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। बच्चे को यह विश्वास होना चाहिए कि वह अपनी समस्या बिना भय के माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति से कह सकता है। परिवार में संवाद की परंपरा विकसित करनी होगी। माता-पिता को बच्चों के साथ केवल उनकी पढ़ाई और परीक्षा की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि उनके डर, मित्रता, सपनों, असफलताओं और भावनाओं को भी सुनना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में भी बड़ा परिवर्तन आवश्यक है। शिक्षा का लक्ष्य केवल अंक और रोजगार नहीं, बल्कि संवेदनशील, आत्मनिर्भर, नैतिक और मानसिक रूप से स्वस्थ मनुष्य बनाना होना चाहिए। बच्चों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों, संविधान, लैंगिक सम्मान, डिजिटल सुरक्षा, आत्मरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया जाना चाहिए। सरकार को बाल संरक्षण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ बाल श्रम, तस्करी और यौन अपराधों के विरुद्ध तंत्र को और मजबूत करना होगा। गरीब बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य को आर्थिक सहायता से जोड़ना भी जरूरी है। हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि बच्चों की सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। पड़ोस में किसी बच्चे से दुर्व्यवहार हो रहा हो, किसी दुकान या कारखाने में बाल मजदूर दिखाई दे, कोई बच्चा लगातार भय में जी रहा हो या उसके साथ शोषण की आशंका हो, तो ह्लहमें क्या लेना-देना हैह्व कहकर आगे बढ़ जाना सामाजिक अपराध के प्रति मौन स्वीकृति है। बच्चे की रक्षा के लिए समाज को संवेदनशील प्रहरी बनना होगा।

विश्व बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के सामने उभरती नई चुनौतियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी एक गंभीर विषय बनकर सामने आई है। एआई शिक्षा, रचनात्मकता और ज्ञान-विस्तार का प्रभावी साधन हो सकता है, लेकिन उसका अनियंत्रित और अत्यधिक उपयोग बच्चों की सोचने-समझने की मौलिक क्षमता, कल्पनाशक्ति, एकाग्रता और निर्णय लेने की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। चैटबॉट पर अत्यधिक निर्भरता बच्चों को स्वयं प्रश्न पूछने, उत्तर खोजने और गलतियों से सीखने की प्रक्रिया से दूर कर सकती है। साथ ही, एआई से बने भ्रामक या अनुपयुक्त कंटेंट, डीपफेक, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण, निजता के खतरे और बच्चों के मानसिक संसार पर बढ़ते डिजिटल दबाव जैसी चुनौतियां भी चिंता का विषय हैं। इसलिए आज आवश्यकता केवल बच्चों को एआई से परिचित कराने की नहीं, बल्कि उन्हें एआई के सुरक्षित, संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग की शिक्षा देने की है, ताकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों की बुद्धि का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता को विकसित करने का सहायक माध्यम बने।

ट्रंप-पुतिन-जिनपिंग का महा-मिलन! क्या बनेगी नई विश्व व्यवस्था, भारत पर क्या होगा असर?



किशन भावनानीं
लेखक



19 नवंबर 2026 का दिन एक ऐतिहासिक कूटनीतिक घटनाक्रम के रूप में दर्ज हो सकता है।चीन के शेनझेन शहर में आयोजित 33 वें एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन के अवसर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली औपचारिक त्रिपक्षीय बैठक ने पूरी दुनियाँ का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। दुनियाँ की तीन प्रमुख परमाणु शक्तियों के सर्वोच्च नेताओं का एक ही मेज पर बैठना केवल एकसामान्य कूटनीतिक मुलाकात नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और भविष्य की विश्व व्यवस्था के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। इस बैठक को अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के बीच ह्यायाल्टा 2.0ह्ल की संज्ञा भी दी जा रही है।हालांकि, अभी इसे 1945 के याल्टा सम्मेलन जैसी निर्णायक विश्व-व्यवस्था बनाने वाली बैठक मान लेना जल्दबाजी होगी। मैं एडवोकेट किशन ससनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र जय मानता हूं कि असली महत्व इस बात का होगा कि नेताओं के वक्तव्यों को कितने ठोस समझौतों और व्यावहारिक परिणामों में बदला जाता है।

साथियों बात अगर हम शेनझेन में तीनों नेताओं की आमने-सामने बातचीत,क्या इतिहास दोहराने की तैयारी ?को समझने की करें तो,इस ऐतिहासिक बैठक का आयोजन शेनझेन स्थित काइलिन विला में एपीईसी सम्मेलन के इतर हुआ।इससे पहले 18 नवंबर को तीनों नेता स्वागत समारोह में एक साथ दिखाई दिए थे।चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का हवाई अड्डे पर स्वयं पहुंचकर स्वागत किया,जिसे चीन- अमेरिका संबंधों में विशेष कूटनीतिक महत्व के संकेत के रूप में देखा गया।19 नवंबर को ट्रंप ने पहले पुतिन के साथ अलग बातचीत की और उसके बाद जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।फिर तीनों नेता त्रिपक्षीय वार्ता के लिए एक ही मेज पर बैठे।इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि तीनों देश दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल हैं और पूरी मानवता को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर उनके बीच खुला, सम्मानजनक और सकारात्मक संवाद होना विशेष जिम्मेदारी है।उन्होंने इसे इतिहास बनाने वाला अवसर बताया। जिनपिंग ने कहा कि इतिहास बताता है कि जब बड़ी शक्तियां सद्भाव से रहती हैं तो दुनिया में शांति रहती है, लेकिन उनके बीच टकराव से वैश्विक अस्थिरता पैदा होती है। पुतिन ने भी कहा कि तीनों देशों के बीच क्षेत्रीय संघर्षों के समाधान में अनेक साझा हित मौजूद हैं। इस प्रकार शुरूआती वक्तव्यों में तीनों नेताओं ने अपने-अपने दृष्टिकोण से वैश्विक शांति, स्थिरता और सहयोग का संदेश दिया।

साथियों बात अगर हम परमाणु हथियारों पर सबसे बड़ा मंथन,क्या दुनिया को मिलेगा परमाणु युद्ध के खतरे से छुटकारा? को समझने की करें तो,इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय परमाणु हथियारों पर नियंत्रण रहा। अमेरिका, रूस और चीन दुनिया की तीन प्रमुख परमाणु शक्तियां हैं और इनके बीच किसी भी प्रकार का समझौता वैश्विक सुरक्षा के लिए दूरगामी परिणाम पैदा कर सकता है। ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि तीनों देशों के पास परमाणु हथियारों के भंडार हैं और वे दुनिया में परमाणु हथियारों की संख्या घटाने तथा इनके इस्तेमाल के जोखिम को कम करने पर चर्चा करने की विशिष्ट स्थिति में हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि किसी देश के राष्ट्रपति के लिए परमाणु हथियारों को छोड़ना आसान निर्णय नहीं होता। दूसरी तरफ जिनपिंग ने परमाणु हथियारों पर व्यापक प्रतिबंध लगाने और उन्हें पूरी तरह समाप्त करने की अपील की। उनका कहना था कि परमाणु युद्ध न तो जीता जा सकता है और न ही उसे लड़ा जाना चाहिए।उन्होंने परमाणु हथियार मुक्त विश्व की परिकल्पना पर जोर दिया। यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना आवश्यक है कि परमाणु निरस्त्रीकरण की राजनीतिक अपील और वास्तविक हथियार नियंत्रण संधि दो अलग-अलग चीजें हैं। फरवरी 2026 में अमेरिका और रूस के बीच न्यू स्टार्ट संधि की समाप्ति के बाद नए नियंत्रण ढांचे की आवश्यकता और बढ़ गई है। चीन का परंपरागत रुख रहा है कि अमेरिका और रूस पहले अपने बड़े परमाणु भंडार घटाएं, उसके बाद चीन को व्यापक वार्ता में शामिल करने की बात हो। इसलिए शेनझेन की बैठक ने संवाद का दरवाजा जरूर खोला है, लेकिन अभी किसी बाध्यकारी परमाणु निरस्त्रीकरण समझौते की घोषणा सामने नहीं आई है।

साथियों बात अगर हम रूस-यूक्रेन युद्ध,पुतिन के लिए कूटनीतिक जीत या शांति की नई उम्मीद? को समझने की करें तो, रूस-यूक्रेन युद्ध इस बैठक का एक और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू रहा। ट्रंप पहले से ही युद्ध समाप्त कराने की इच्छा व्यक्त करते रहे हैं। बैठक के दौरान उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को लेकर चीन के सहयोग की संभावनाओं पर सकारात्मक रुख दिखाया। पुतिन ने भी कहा कि रूस, अमेरिका और चीन के बीच क्षेत्रीय संघर्षों के समाधान में अनेक साझा हित हैं और इनमें यूक्रेन संघर्ष भी शामिल है। उन्होंने वैश्विक शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी का उल्लेख किया। इससे पहले ट्रंप और पुतिन के बीच अलग से लगभग 35 से 40 मिनट की मुलाकात भी हुई। यह औपचारिक द्विपक्षीय शिखर बैठक के बजाय सम्मेलन के इतर हुई संक्षिप्त बातचीत थी। इसमें यूक्रेन युद्ध प्रमुख विषय रहा और क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने इसे महत्वपूर्ण बताया। पुतिन ने बातचीत के बाद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उनके लिए इसका सबसे बड़ा कूटनीतिक लाभ यह है कि रूस के राष्ट्रपति को अमेरिका और चीन के नेताओं के साथ एक ही वैश्विक मंच पर बातचीत करने का अवसर मिला। इससे रूस के अंतरराष्ट्रीय अलगाव के नैरेटिव को चुनौती देने में मदद मिल सकती है। लेकिन यहां सबसे बड़ा प्रश्न यूक्रेन की अनुपस्थिति का है। यूक्रेन और यूरोपीय देशों की भागीदारी के बिना उनके भविष्य से जुड़े किसी समझौते की वैधता और स्वीकार्यता पर सवाल उठ सकते हैं। इसलिए तीन महाशक्तियों की बातचीत को युद्ध समाप्ति का अंतिम समझौता मानना अभी उचित नहीं होगा।

साथियों बात अगर हम ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य और तेल अर्थव्यवस्था : दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा का सवाल को समझने की करें तो,इस त्रिपक्षीय वार्ता का महत्व केवल यूरोप तक सीमित नहीं है।पश्चिम एशिया में अमेरिका- ईरान संघर्ष और वैश्विक तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने भी इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बना दिया है। ट्रंप ने जिनपिंग के साथ अपनी द्विपक्षीय बातचीत में स्पष्ट कहा कि अमेरिका और चीन दोनों का हित होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने में है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए। यह वक्तव्य इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन दुनिया के बड़े ऊर्जा आयातकों में शामिल है और पश्चिम एशिया से होने वाली तेल आपूर्ति उसकी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं अमेरिका भी वैश्विक ऊर्जा बाजारों में स्थिरता चाहता है। पुतिन ने त्रिपक्षीय बैठक में खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को चर्चा का महत्वपूर्ण विषय बनाने का प्रस्ताव रखा। क्रेमलिन की ओर से बैठक के बाद जारी विवरण में तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रतिबद्धता का उल्लेख भी किया गया। हालांकि इस विषय पर विस्तृत कार्य योजना, उत्पादन लक्ष्य अथवा समयसीमा सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं हुई है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए होर्मुज क्षेत्र में स्थिरता तेल की कीमतों में संतुलन और आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा सीधे तौर पर महंगाई, परिवहन लागत, उद्योग और विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़ी हुई है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका -चीन व्यापार युद्ध, टैरिफ और चिप विवाद,क्या आर्थिक टकराव पर लगेगा विराम? को समझने की करें तो,इस बैठक का एक बड़ा आर्थिक आयाम अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव भी रहा। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच आयात शुल्क, उन्नत अर्धचालक चिप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

प्रबोधिनी एकादशी

मोनिका डागा

कविता



आती कार्तिक मास में, ग्यारस देव उठान।
शयन से चार माह के, जागेंगे भगवान।।
सुखदायी एकादशी, नारायण सरताज।
चार माह विश्राम कर, देंगे दर्शन आज।।

कण-कण में इस सृष्टि के, नारायण का वास।
शुक्ल पक्ष एकादशी, कार्तिक पावन मास।।
वेद पुराण कहें सभी, जयति सनातन धर्म।
शुभारंभ फिर से हुए, सभी मांगलिक कर्म।।

जालंधर को मात दी, रण में पाई जीत।
शालिग्राम स्वरूप धरा, तुलसी से की प्रीत।।
वृंदा दुल्हन है बनी, नारायण मनमीत।
तुलसी-विवाह की घड़ी, गाएं मंगल गीत।।

संकीर्तन प्रभु का करें, आती-जाती श्वास।
भक्त सभी विश्वास से, रखते हैं उपवास।।
महालक्ष्मी कृपा करें, ले जो हरि का नाम।
सुख-समृद्धि सौभाग्य दे, पूजन शालिग्राम।।

प्रबोधिनी एकादशी, हरती हैं हर कष्ट।
यश-कीर्ति ₹आनंद₹ दे, कर पापों को नष्ट।।
हरी-भरी तुलसी रहें, महकें हर घर द्वार।
तन-मन जीवन में भरें, आरोग्यता अपार।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

ज्योतिषी

देवउठनी एकादशी से खुलेंगे मांगलिक कार्यों के द्वार, तुलसी विवाह, देव दीपावली और गंगा स्नान का विशेष महत्व



डॉ. सोनिका जैन

सनातन धर्म में कार्तिक मास को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माना गया है। इस माह में देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह, देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि वर्ष 2026 में देवउठनी एकादशी 20 नवंबर, तुलसी विवाह 21 नवंबर तथा देव दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान 24 नवंबर को मनाया जाएगा।

देवउठनी एकादशी से मांगलिक कार्यों का शुभारंभ

डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि कार्तिक शुक्ल एकादशी को देवउठनी या देव प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु इस दिन चार माह की योगनिद्रा से जागते हैं। इसके साथ ही चातुर्मास समाप्त होता है और विवाह, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्यों का शुभारंभ होता है।

शुभ मुहूर्त: एकादशी तिथि 20 नवंबर को प्रातः लगभग 7:15 बजे प्रारंभ होकर 21 नवंबर को प्रातः लगभग 6:31 बजे समाप्त होगी। स्मार्त परंपरा में 20 नवंबर को एकादशी व्रत रखा जाएगा। वैष्णव परंपरा में व्रत की तिथि अलग हो सकती है।

तुलसी विवाह से मिलता है सुख-समृद्धि का आशीर्वाद



डॉ. सोनिका जैन के अनुसार तुलसी विवाह कार्तिक मास का अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। इस वर्ष तुलसी विवाह का प्रमुख आयोजन 21 नवंबर, शनिवार को किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता तुलसी का विवाह भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप से कराया जाता है। तुलसी विवाह के लिए तुलसी के पौधे को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। लाल चुनरी, श्रृंगार सामग्री, पुष्प, दीपक और गन्ने से मंडप तैयार किया जाता है। भगवान शालिग्राम को पीले वस्त्र पहनाकर विधिवत पूजन एवं विवाह की रस्में संपन्न कराई जाती हैं। पूजा का शुभ समय: 21 नवंबर को सायंकाल प्रदोष काल में तुलसी विवाह करना शुभ माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में लगभग सायं 5:25 से 7:50 बजे के बीच पूजन किया जा सकता है। स्थानीय पंचांग के अनुसार समय की पुष्टि करना उचित रहेगा। डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं में तुलसी विवाह को कन्यादान के समान पुण्यदायी माना गया है। इस अनुष्ठान से परिवार में सुख, शांति, वैवाहिक सौहार्द और समृद्धि की कामना की जाती है।

देव दीपावली पर दीपों से जगमगाएंगे गंगा घाट

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 24 नवंबर को देव दीपावली मनाई जाएगी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव ने इसी दिन त्रिपुरासुर का संहार किया था। इसी विजय के उपलक्ष्य में देवताओं द्वारा दीपोत्सव मनाने की परंपरा है।

शुभ मुहूर्त: पूर्णिमा तिथि 23 नवंबर की रात्रि लगभग 11:42 बजे से 24 नवंबर की रात्रि लगभग 8:23 बजे तक रहेगी। 24 नवंबर की संध्या को प्रदोष काल में दीपदान विशेष शुभ माना गया है।

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष पुण्य

डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान, दीपदान एवं दान-पुण्य का विशेष महत्व रहेगा। गढ़मुक्तेश्वर, हरिद्वार, वाराणसी और प्रयागराज सहित विभिन्न तीर्थस्थलों पर श्रद्धालु पवित्र स्नान करेंगे। स्नान का शुभ समय: 24 नवंबर को ब्रह्म मुहूर्त में लगभग प्रातः 5 बजे से सूर्योदय तक स्नान विशेष शुभ माना जाता है। श्रद्धालु स्नान के पश्चात भगवान विष्णु की आराधना, दीपदान तथा अन्न-वस्त्र का दान कर सकते हैं।

धार्मिक पर्वों के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लें

डॉ. सोनिका जैन ने कहा कि देवउठनी एकादशी नई शुरूआत, तुलसी विवाह पारिवारिक संस्कारों, देव दीपावली ज्ञान के प्रकाश और गंगा स्नान आत्मशुद्धि का संदेश देता है। इन पर्वों पर पूजा-अर्चना के साथ जरूरतमंदों की सहायता, पर्यावरण संरक्षण और गंगा की स्वच्छता का संकल्प लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के इन पावन पर्वों की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हम धार्मिक आस्था के साथ सेवा, अहिंसा, सद्भाव और परोपकार को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

बेंती राजभवन में रामकथा के तीसरे दिन भी उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भक्तों को अपने हाथों से परोसी चाय, हनुमान, अंगद और जामवंत दल के स्वयंसेवकों से मिलकर बढ़ाया उत्साह







विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया

प्रतापगढ़। कुंडा के बेंती राजभवन में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के आयोजन में चल रही बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा के तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही कथा स्थल पर भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने कथा पंडाल में बैठकर रामकथा का श्रवण किया। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। कथा के तीसरे दिन सुबह पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बेंती राजभवन परिसर के भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद श्रद्धालुओं से मुलाकात की और अपने हाथों से उन्हें चाय परोसी। उनका यह सहज अंदाज भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालुओं ने इसे आत्मीयता और अपनत्व से जुड़ा खास पल बताया। रामकथा के आयोजन की व्यवस्थाओं में जुटे जनसत्ता दल के हनुमान, अंगद एवं जामवंत दल के स्वयंसेवकों से भी पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मुलाकात की। उन्होंने कार्यकताओं की सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें अपने हाथों से अभिमंत्रित भभूत प्रसाद वितरित किया। इस दौरान उन्होंने हिंदुओं की एकजुटता को शक्ति बताते हुए कहा कि सच्चे सेवक की पहचान उसके कार्यों से होती है। जब अन्य लोग विश्राम कर रहे होते हैं, तब भी सेवाभावी कार्यकर्ता अलग-अलग स्थानों पर पूरी निष्ठा और समर्पण से अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहते हैं। उनके इस संबोधन से आयोजन में लगे स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ा। राजा भैया के आयोजन में श्रद्धालुओं के साथ राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियों की मौजूदगी भी चर्चा में है। कथा के शुरूआती दिनों से ही संतों, राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों और फिल्म जगत से जुड़ी हस्तियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। कुंडा और आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग कथा स्थल पहुंच रहे हैं। आयोजन को व्यवस्थित बनाने में स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका बनी हुई है। रामकथा की घोषणा के बाद आयोजन को लेकर सार्वजनिक चचाओं में कुछ आपत्तियों और विरोध की बातें भी सामने आई थीं। इसके बावजूद कथा के तीनों दिनों में श्रद्धालुओं की लगातार मौजूदगी बनी हुई है। तीसरे दिन भक्तों को चाय परोसने और स्वयंसेवकों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाने के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रसंग कथा स्थल पर चर्चा का विषय रहे।

बर्गर की देरी बनी विवाद की वजह हापुड़ में दुकानदार पर चाकू से वार, दो आरोपी दबोचे



वेलकम इंडिया/हरेन्द्र शर्मा

हापुड़। जनपद के नगर के अतरपुरा चौपले पर बुधवार की रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बर्गर देने को लेकर हुए विवाद में दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया गया।जानकारी के मुताबिक, मेरठ के परतापुर का रहने वाला अंकित हापुड़ के अतरपुरा चौपले पर बर्गर का ठेला लगाता है। बुधवार रात करीब दस बजे तगासराय निवासी तीन युवक उसकी दुकान पर पहुंचे और बर्गर मांगा।बताया जा रहा है कि अंकित ने वहां पहले से मौजूद ग्राहकों को पहले बर्गर दे दिया। इसी बात से नाराज तीनों युवक भड़क उठे और उन्होंने दुकान में रखा चाकू उठाकर अंकित पर हमला कर दिया। खुद को बचाने के लिए अंकित किसी तरह वहां से भागा और अतरपुरा पुलिस चौकी में घुसकर अपनी जान बचाई।मामले को लेकर सीओ दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि बर्गर देने में देरी होने के विवाद में दुकानदार पर हमला किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया है, जबकि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हापुड़ में 30 नवंबर को सरकारी दर पर बिकेगी 184 बोरी यूरिया

प्रवर्तन कार्रवाई में जब्त की गई अनुदानित नीम कोटेड यूरिया किसानों को मिलेगी

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह



हापुड़। जनपद हापुड़ में प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान जब्त की गई 184 बोरी अनुदानित नीम कोटेड यूरिया अब किसानों को सरकारी मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी। जिला कृषि विभाग की ओर से इसकी बिक्री के लिए तिथि, समय और स्थान निर्धारित कर दिया गया है। यूरिया का वितरण तहसीलदार हापुड़ की निगरानी में कराया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार, यह कार्रवाई उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इच्छुक किसान 30 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे विकास भवन स्थित कमरा नंबर 219 में पहुंचकर यूरिया खरीद सकेंगे। खरीद के लिए किसानों को अपनी भूमि की खतौनी और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यूरिया की धनराशि चालान के माध्यम से सरकारी खाते में जमा कराई जाएगी। किसानों को सलाह दी गई है कि खरीद के लिए पहुंचते समय दोनों आवश्यक दस्तावेज अपने साथ लेकर आएं, जिससे सत्यापन और बिक्री की प्रक्रिया पूरी की जा सके। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान कुल 184 बोरी अनुदानित नीम कोटेड यूरिया जब्त की गई थी। प्रत्येक बोरी में 45 किलोग्राम यूरिया उपलब्ध है। इस प्रकार किसानों को कुल 8,280 किलोग्राम यूरिया सरकारी मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी। जब्त यूरिया का निमार्ता गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड है। विभाग की ओर से इसकी बिक्री निर्धारित व्यवस्था के तहत कराई जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अनुदानित यूरिया का उपयोग केवल कृषि कार्यों और फसलों में किया जा सकेगा। इसका किसी अन्य कार्य में इस्तेमाल करना, निर्धारित उपयोग से हटाकर दूसरे काम में लगाना (डायवर्जन) अथवा अग्रिम बिक्री करना नियमानुसार प्रतिबंधित रहेगा।

किसानों से अपील की गई है कि वे यूरिया का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप ही करें। विभाग की ओर से वितरण प्रक्रिया पर निगरानी रखी जाएगी, ताकि जब्त की गई यूरिया का उपयोग कृषि कार्यों में ही सुनिश्चित हो सके। निर्धारित तिथि पर विकास भवन में होने वाली बिक्री के लिए किसानों को समय से पहुंचने और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की जरूरत होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यूरिया की खरीद निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के अनुसार ही की जाएगी।

जानलेवा हमले के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद



वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह

हापुड़। थाना धौलाना पुलिस ने ग्राम देहरा निवासी उमर मौहम्मद पर हुए जानलेवा हमले के मामले में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घायल उमर मौहम्मद की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी।पुलिस के अनुसार, जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 317/26 में वांछित आरोपी मुस्तफा पुत्र मुस्ताक निवासी मोहल्ला पिरचोरियान, ग्राम देहरा, थाना धौलाना को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपी को नहर पुल से ईदगाह की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया गया है।

जिलाधिकारी कविता मीना ने जिला निर्वाचन कार्यालय का किया त्रैमासिक निरीक्षण

मतदाता सूची, ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस और निर्वाचन अभिलेखों की जांच की, अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया जागरूकता





वेलकम इंडिया संवाददाता

हापुड़। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कविता मीना ने जिला निर्वाचन कार्यालय का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन से संबंधित व्यवस्थाओं, अभिलेखों और कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची, ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस के साथ निर्वाचन से जुड़े रजिस्टरों एवं अन्य अभिलेखों की जांच की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए और उनका सुव्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के उपरांत निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदान प्रतिशत बढ़ाने और स्वीप (ऱ्ष्एएढ) गतिविधियों के प्रभावी संचालन से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने तथा मतदाताओं को जागरूक करने के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह



हापुड़। दिल्ली रोड स्थित भैरों मंदिर के पास जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी तथा झांसी की महारानी रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को प्रयागराज में हुआ था। उन्होंने लंबे समय तक देश का नेतृत्व किया। उनके दृढ़ नेतृत्व में 1971 के युद्ध में भारत की विजय, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पोखरण में प्रथम परमाणु परीक्षण और हरित क्रांति जैसे महत्वपूर्ण कार्य हुए। उन्होंने गरीबों और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए।कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजय छाबड़ा के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी पंडित अरविंद शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, रघुवीर सिंह एडवोकेट, रामप्रसाद जाटव, रश्मि चौधरी, मानवी सिंह, जिला महासचिव गौरव गर्ग, प्रवीण शर्मा, जिला महासचिव विकास दयाल, रामलाल आर्य, कुसुमलता, पंडित पंकज चौधरी, सुखबीर गौड़, सविता गौतम, पदम सिंह साहनी, डालचंद सिंह, अर्जुन सिंह, सुबोध शास्त्री, वाईके शर्मा, कपिल शर्मा, रजत त्यागी, संदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, विनोद कुमार, दिनेश कुमार और विनोद कुमार कर्दम सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 253 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, चार चरणों में 1103 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया



प्रतापगढ़। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित इस समारोह में 253 जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। पूरे आयोजन में उत्साह, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। समारोह में विभिन्न वर्गों के कुल 253 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। इनमें अनुसूचित जाति वर्ग के 186, पिछड़ा वर्ग के 66 तथा अल्पसंख्यक वर्ग का एक जोड़ा शामिल रहा। शासन की मंशा के अनुरूप सभी जोड़ों का विवाह उनके धर्म और समुदाय की परंपराओं के अनुसार संपन्न कराया गया। हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच हुआ, जबकि मुस्लिम जोड़े का निकाह इस्लामिक परंपराओं के अनुसार संपन्न कराया गया। एक ही परिसर में अलग-अलग धार्मिक परंपराओं के अनुरूप विवाह संपन्न होने से आयोजन में सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव का संदेश भी दिखाई दिया।

कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, सदर विधायक प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) आकांक्षा दीक्षित, पर्यावरण सेना के अजय क्रांतिकारी, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, डॉ. मो. अनीस और धर्मेंद्र ओझा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने नवदंपतियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक अभाव किसी बेटी के विवाह और सम्मानजनक जीवन की शुरूआत में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। सामूहिक विवाह योजना इसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि राय साहब सिंह ने भी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत प्रदान कर रही है। सामूहिक रूप से विवाह आयोजित होने से जरूरतमंद परिवारों को अपनी बेटियों का विवाह सम्मानजनक तरीके से संपन्न कराने का अवसर मिल रहा है।

प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये व्यय का प्रावधान

जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े के विवाह पर सरकार की ओर से कुल एक लाख रुपये व्यय किए जाते हैं। इसमें 64 हजार रुपये की धनराशि वधू के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है, जबकि 21 हजार रुपये की सामग्री दी जाती है। इसके अतिरिक्त 15 हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह के अवसर पर आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने के साथ ही बेटियों को सम्मानजनक ढंग से नए जीवन की शुरूआत का अवसर प्रदान करना है।

चार चरणों में 1103 जोड़ों का विवाह संपन्न

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस वर्ष चार चरणों में समारोह आयोजित किए गए। प्रथम चरण में 3 नवंबर को 288 जोड़ों, दूसरे चरण में 6 नवंबर को 275 जोड़ों, तीसरे चरण में 16 नवंबर को 287 जोड़ों और चौथे चरण में 19 नवंबर को 253 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। इस प्रकार चारों चरणों में कुल 1103 जोड़े वैवाहिक जीवन में बंधे। विभागीय स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराया गया।

समारोह को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में नामित जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के मुन्नीलाल राणा, मनोज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सामूहिक संचालन डॉ. मो. अनीस एवं धर्मेंद्र ओझा ने किया। समारोह के समापन पर नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल रहा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह के अवसर पर सहयोग उपलब्ध कराने के साथ सामाजिक सहभागिता और सामूहिक आयोजन की भावना को भी सामने रखा।

नानौता पुलिस का बड़ा प्रहार, 1.31 करोड़ की रूपये स्मैक के साथ महिला समेत चार तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/राजीव मोंगरा




सहारनपुर। जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नानौता पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने स्मैक तस्करी के एक नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कुल 655 ग्राम अवैध स्मैक और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 31 लाख रुपये है। इस बड़ी बरामदगी को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में मंडल के तनों जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ 'ऑपरेशन सवेरा' चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी गंगोह के पर्यवेक्षण में नानौता थाना पुलिस ने कार्रवाई की। थानाध्यक्ष विकास चारण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 18 नवंबर को रुहाड़ा पुलिया के पास घेराबंदी कर चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नानू उर्फ शकील निवासी ग्राम हरपाल, थाना रामपुर मनिहारान, सय्यद शेखावत निवासी ग्राम कुम्हारहेड़ा, थाना सरसावा, मोनू उर्फ फरमान और उसकी पत्नी शबनम उर्फ शगुफ्ता निवासी शेखपुरा कदीम, थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद स्मैक का अलग-अलग वजन भी बताया है। नानू उर्फ शकील के पास से 60 ग्राम, सय्यद शेखावत के पास से 260 ग्राम, मोनू उर्फ फरमान के पास से 270 ग्राम और शबनम उर्फ शगुफ्ता के पास से 65 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इस तरह कुल 655 ग्राम स्मैक पुलिस के हाथ लगी। इसके अलावा तस्करी से जुड़े चार मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपियों में नानू उर्फ शकील और मोनू उर्फ फरमान का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ गोवध, चोरी, पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों, आपूर्ति के स्रोत और तस्करी के नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस को आशंका है कि इस कारोबार से जुड़े अन्य लोग भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। इस संबंध में थाना नानौता में मुकदमा अपराध संख्या 288/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/22/29 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जिला स्तरीय टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में नालंदा वर्ल्ड स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल ने जीते मुकाबले

वेलकम इंडिया संवाददाता



सहारनपुर। मल्हीपुर रोड स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल में चल रहे जिला स्तरीय टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरुवार को नालंदा वर्ल्ड स्कूल ने ब्राउनवुड स्कूल को 207 रन से हराया। दूसरे मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल ने सेंट मैरी एकेडमी मिशन कंपाउंड को एक रन से रोमांचक शिकस्त दी। नालंदा वर्ल्ड स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 302 रन बनाए। अर्नव ने 59 गेंदों पर 158 रन की शानदार पारी खेली। तनिष्क ने 45 गेंदों पर 72 और वरुण ने 11 गेंदों पर 32 रन बनाए। जवाब में ब्राउनवुड स्कूल की टीम 17 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। मोहम्मद ने 13 गेंदों पर 27 रन बनाए। नालंदा की ओर से फैज और मोहम्मद ने दो-दो विकेट लिए। अर्नव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे मुकाबले में सेंट मैरी एकेडमी ने टॉस जीतकर दिल्ली पब्लिक स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। डीपीएस ने 127 रन बनाए। सोहम ने 25 गेंदों पर 25, शिवॉय ने 22 गेंदों पर 27 और सहज ने 24 गेंदों पर 27 रन बनाए। जवाब में सेंट मैरी एकेडमी की टीम 126 रन पर आउट हो गई। अभिमन्यु ने 15 गेंदों पर 24 और तन्मय ने 19 गेंदों पर 27 रन बनाए। डीपीएस के आशुतोष मिश्रा ने पांच विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। सोहम को मैन ऑफ द मैच चुना गया।शुक्रवार को पहला क्वार्टर फाइनल सुबह 8:30 बजे इन्फेंट जीसस स्कूल और रेनबो स्कूल के बीच तथा दूसरा मुकाबला सुबह 11:30 बजे विजडम वैली अकादमी और सोफिया इंटरनेशनल स्कूल के बीच होगा। आयोजन में स्कूल के चेयरमैन सुभाष चौधरी, डायरेक्टर

दुष्कर्म के प्रयास के मामले में वांछित ससुर को पुलिसे ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में दुधारा पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास और जान-माल की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़िता का ससुर है। पुलिस ने उसे कोहरियांवा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान सगीर अहमद पुत्र मो. नामदार निवासी कोहरियांवा, थाना दुधारा, जनपद संतकबीरनगर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना दुधारा में मुकदमा संख्या 440/2026 के तहत बीएनएस की धारा 74, 351(3), 64(2) और 352 में मामला दर्ज है। बताया गया कि वादी ने 14 नवंबर 2026 को थाना दुधारा में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री के साथ उसके ससुर सगीर अहमद ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया और विरोध करने पर जान-माल की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। दुधारा थाने के उपनिरीक्षक शोभनाथ प्रसाद, हेड कांस्टेबल रामविनय यादव, हेड कांस्टेबल अभयनंदन और महिला कांस्टेबल प्रगति तिवारी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय भेज दिया।

बिजली कनेक्शन को लेकर जेई पर लापरवाही का आरोप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी



कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी ग्रामीण ने बिजली घर के जेई पर कनेक्शन देने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि वह लंबे समय से अपने मकान पर बिजली कनेक्शन के लिए बिजली घर के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही। आरोप है कि उसके मकान पर किसी दूसरे व्यक्ति को बिजली कनेक्शन दे दिया गया। ग्रामीण ने उच्च अधिकारियों को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासीसंजीव उर्प सन् ने बताया कि वह लगभग 5 वर्ष पूर्व हरियाणा के छाजपुर में चले गए थे और उन्होंने अपने मकान से बिजली का कनेक्शन कटवा दिया था, जिसकी रसीद उनके पास मौजूद है, और बताया कि उसके पड़ोसी ने दस्तावेजों की हेरा फेरी करते हुए जेई सेमिली भगत कर उनका मकान दर्शाकर अपने घर पर बिजली का कनेक्शन ले लिया, पीड़ित कहीं मास है बिजली घर के चक्कर काट रहा है मगर उसे कनेक्शन नहीं मिल रहा है, गुरुवार को नितिन, जयपाल, खुर्शीद, प्रमोद,सुशील, मिंटू, नरेश, शिव कुमार, रामू, राजपाल, सतपाल सहित आदि ग्रामीणों ने बिजली घर पर प्रदर्शन किया और जेई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह उच्च अधिकारियों से शिकायत कर भूख हड़ताल पर बैठने के लिए मजबूर होगा।एसडीओ राकेश कुमार आर्य ने बताया कि उपभोक्ता और ग्रामीणों की शिकायत प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी से कनेक्शन लेने वाले व्यक्ति के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

सेमरियावा बाजार में पुलिस का एक्शन, अतिक्रमण हटाया



वेलकम इंडिया संवाददाता

संतकबीरनगर। दुधारा थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र के प्रमुख बाजार सेमरियावा में सड़क के किनारे लगे दुकानों को हटाया। आये दिन जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए पुलिस ने यह एक्शन लिये हैं। दुधारा थाना के थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने अपने पुलिस बल के साथ बृहस्पतिवार को क्षेत्र के प्रमुख बाजार सेमरियावा में आये दिन हो रही जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिये सड़क किनारे लग रही दुकानों को हटवाया।

पड़ाव स्थलों की व्यवस्था नहीं होने से ब्रज यात्रा के यात्रियों को भारी कष्ट

मुखराई में पड़ाव के लिए स्थान नहीं मिलने पर यात्रा को कोन्हई गांव ले जाना पड़ा, खराब रास्ते से श्रद्धालुओं के पैर हुए लहूलुहान

वेलकम इंडिया संवाददाता



बरसाना। पद्मश्री रमेश बाबा के सानिध्य में निकाली जा रही ब्रज यात्रा में पड़ाव स्थलों की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रा का पड़ाव मुखराई गांव में प्रस्तावित था, लेकिन वहां स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को विपरीत दिशा में कोन्हई गांव में पड़ाव डालना पड़ा। वहीं, रास्ता बेहद खराब होने के कारण पैदल चल रहे कई यात्रियों के पैर लहूलुहान हो गए। यात्रा के संयोजक राधाकांत शास्त्री और सह संयोजक ब्रजदास ने अव्यवस्थाओं पर गहरा असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि ब्रज परिक्रमा की हजारों वर्ष पुरानी परंपरा को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन को गंभीरता से प्रयास करने चाहिए। धर्म प्रधान देश और प्रदेश में राधा-कृष्ण की लीला भूमि में श्रद्धालुओं को इस तरह की परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से यात्रा के पड़ाव स्थलों को सुनिश्चित कर शीघ्र व्यवस्थाएं कराने की मांग की। राधाकांत शास्त्री ने कहा कि ब्रज के अधिकांश स्थलों पर सरकारी जमीन उपलब्ध है, जिन्हें कब्जामुक्त कराया जाना चाहिए। मांग पूरी नहीं होने पर मान मंदिर सेवा संस्थान की ओर से उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी। यात्रा बहुलावन से चलकर सबसे पहले राल पहुंची, जहां यात्रियों ने दाऊजी के दर्शन किए। यहां ग्वालबालों के बीच प्रेमपूर्ण कलह की लीला का भी वर्णन किया गया। इसके बाद यात्री कोन्हई से राधारानी की ननिहाल मुखराई के दर्शन और स्वागत-सत्कार प्राप्त करते हुए कुंभनदास जी के गांव के समीप से जमुनावता पहुंचे। यहां बताया गया कि प्राचीन समय में यमुना जी इसी क्षेत्र से होकर प्रवाहित होती थीं। यात्रा की अगुवाई कर रहे बाबा नृसिंह दास ने कुंभनदास जी के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंग सुनाए। इसके बाद सूरश्याम गौशाला होते हुए यात्रा गिरिराज महाराज की शरणस्थली पूछरी पहुंची, जहां दो दिवसीय पड़ाव डाला गया। अगले दिन गिरिराज जी की परिक्रमा की जाएगी। इस दौरान ब्रजदास, ब्रजशरण दास, नृसिंह दास, नीलमणि दास, प्रभुदास, राजकुमार शास्त्री, महेश शास्त्री और राधाकांत शास्त्री सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

दो निजी कंपनियों को गोल ठेका देने का विरोध में सफाई कर्मचारी देंगें धरना

वेलकम इंडिया/ राजीव मोंगरा



सहारनपुर। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने घोषणा की है कि समस्त सफाई कर्मचारी 19 नवंबर 2026 से नगर निगम प्रांगण में धरना-प्रदर्शन करेंगे। संघ ने इसकी पूरी जिम्मेदारी महापौर और नगर आयुक्त की बताई है। यह जानकारी संघ के मंडल महामंत्री बृजमोहन चनालिया ने 18 नवंबर को जारी पत्र में दी।

संघ के अनुसार मई 2026 में नगर निगम ने सफाई कर्मचारियों को गोल ठेके पर निजी कंपनियों को सौंपने का फैसला किया था, जिसके विरोध में कामबंद हड़ताल हुई। हड़ताल लंबी खिंचने पर जिलाधिकारी ने 20 मई की रात शाकुम्भरी मीटिंग हॉल में वार्ता कराई। उसमें नगर आयुक्त से लिखित सहमति बनी कि किसी निजी कंपनी को गोल ठेका नहीं दिया जाएगा और वर्तमान सीएलआरसी से ही कर्मचारियों की आपूर्ति जारी रहेगी। इसके बाद कर्मचारी काम पर लौट आए थे। संघ का आरोप है कि अक्टूबर 2026 में जिलाधिकारी के आदेश और सहमति की अनदेखी कर दो निजी कंपनियों को गोल ठेका देने की कार्यवाही पूरी कर दी गई। संघ ने 17 अक्टूबर को सभी संगठनों की ओर से मांग पत्र दिया था, लेकिन उसके अनुसार प्रशासन ने न वार्ता की, न कोई कार्रवाई। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है। संघ ने खर्च को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उसका दावा है कि शहर का पूरा सफाई कार्य अभी 42 से 45 करोड़ रुपये में संतोषजनक ढंग से चल रहा है। ऐसे में यही काम 92 करोड़ रुपये में निजी कंपनी को देकर 47 करोड़ रुपये से अधिक अतिरिक्त खर्च क्यों किया जा रहा है। संघ ने इस संदेह पर शासन से संज्ञान लेने की मांग की है।

संघ ने आरोप लगाया है कि सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके स्थायी कर्मचारियों को उनके वार्डों से हटाकर दूर-दराज के वार्डों में भेज दिया गया है। इससे वृद्ध कर्मचारियों और महिलाओं को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। सफाई कर्मचारियों ने मांग करते हुए कहा कि सभी स्थायी और संविदा सफाई कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश रद्द किया जाए। जिन वार्डों में कर्मचारी कम हैं, वहां आउटसोर्सिंग सेवा निगम से भर्ती कर आपूर्ति पूरी की जाए। सफाई नायक और कार्यवाहक सफाई नायक की पूर्व व्यवस्था बहाल रहे। सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का डाटा आउटसोर्सिंग सेवा निगम में फीड कराकर मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन सुनिश्चित हो। कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार घोषित वेतन दिलाया जाए।

संघ का कहना है कि प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग सेवा निगम बनाकर कर्मचारियों को ठेकेदारों के चंगुल से बचाया है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम किसी निजी कंपनी से अनुबंध करता है, तो यह जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना होगी, जिसे कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

गुज्जरपुर में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी

कांधला। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को गाव गुज्जरपुर में फाइनेंशियल सैचुरेशन वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बैंक के अधिकारियों ने ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में दिल्ली एलएचओ के उप महाप्रबंधक ह्यूबर्ट, मेरठ प्रशासनिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक सहायक महाप्रबंधक, मुकेश कुमार और मुख्य प्रबंधक रामवीर सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बैंक की बचत, बीमा और पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय प्रबंधक, राकेश कुमार, वित्तीय समावेशन प्रबंधक रमेश चंद गौतम और शाखा प्रबंधक आशीष कपूर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान कराया। शिविर को सफल बनाने में बीसी प्रतिनिधि अंकित कुमार,सहित सीएसपी रामबीर चौहान, साहिल चौहान, संदीप कुमार, मौसिम हसन और साद सैफी का विशेष योगदान रहा। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, बाजार से लौटते समय हुआ हादसा

अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

वेलकम इंडिया संवाददाता

संतकबीरनगर। दुधारा थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुधारा कस्बे से बाजार कर अपने कमरे पर लौट रहे रामदुलारे (45) को पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, रामदुलारे पुत्र गुरुद्दीन मूल रूप से ग्राम रजदेवा, थाना गैसड़ी, जनपद बलरामपुर के निवासी थे। वह संतकबीरनगर के मूड़ाडीहा बेग में किराये पर कमरा लेकर रहते थे। शनिवार रात करीब सात बजे वह दुधारा कस्बे से बाजार करने के बाद अपने कमरे पर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रहे एक वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर दुधारा थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल रामदुलारे को मूड़ाडीहा बेग स्थित एआरसी हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष दुधारा सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के रिश्तेदार सत्यदेव पुत्र रामशरण मौके पर पहुंचे थे। उनसे लिखित तहरीर प्राप्त कर ली गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर 14 बाइक और स्कूटी बरामद की



वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी

कांधला। पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की 14 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस बरामद वाहनों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम पूर्वी यमुना नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध हालत में घूम रहे कांधला निवासी मोहित और गांव चढ़ाव निवासी रवि को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने वाहन चोरी की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 14 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की। आरोपी चोरी के वाहनों को सस्ते दामों में बेचकर अपने शौक पूरे करते थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाने के साथ गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी के वाहनों को खरीदने वालों की तलाश कर रही है। कार्रवाई में उप निरीक्षक रामकिशन, हेड कांस्टेबल सूर्य प्रताप, अरुण कुमार और शेखर सिंह आदि शामिल रहे।

बरखेड़ा में सभ्यता देवी वर्मा ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

2027 की तैयारियों के बीच गांव-गांव पहुंचकर सुनीं समस्याएं, सरकारी योजनाओं और मतदाता जोड़ो अभियान पर दिया

वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती



पीलीभीत। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की संभावित दावेदार सभ्यता देवी वर्मा ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को गति देते हुए जनता के बीच पहुंचकर सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, जरूरतों और स्थानीय मुद्दों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाना और जरूरतमंदों की आवाज बनना उनकी प्रतिबद्धता है। जनसंपर्क के दौरान सभ्यता देवी वर्मा ने कहा कि जनसेवा उनके लिए केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण का माध्यम है। क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करना उनका उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए स्थानीय विकास, जनसुविधाओं और सरकारी योजनाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। अभियान के दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई। सभ्यता देवी वर्मा ने पात्र लोगों को योजनाओं के लिए जागरूक करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचना जरूरी है। उन्होंने लोगों से योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी लेने तथा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। जनसंपर्क कार्यक्रम के साथ मतदाता जोड़ो जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इसके तहत पहली बार मतदान करने की उम्र पूरी कर चुके युवाओं और ऐसे नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया, जिनका नाम अभी सूची में शामिल नहीं है। साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता और अन्य विवरणों की जांच करने के प्रति भी जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है और मतदान का अधिकार जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए। सभ्यता देवी वर्मा ने क्षेत्र की महिलाओं और बहनों से मिले स्नेह, सम्मान और सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास उनके लिए महत्वपूर्ण है और वे समाज के बीच रहकर जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाती रहेंगी। विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रहे जनसंपर्क और मतदाता जागरूकता गतिविधियों के बीच आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां भी दिखाई देने लगी हैं। सभ्यता देवी वर्मा की इन गतिविधियों को वर्ष 2027 की चुनावी तैयारियों के क्रम में देखा जा रहा है।

आग ने छीनी घर की खुशियां, इनर व्हील क्लब ने बढ़ाया मदद का हाथ

बमनपुरी पहुंचकर पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराया घरेलू सामान

वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती



पूरनपुर/पीलीभीत। मानवता और सेवा भावना का परिचय देते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी पूरनपुर की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आग से प्रभावित परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। नगर के मोहल्ला बमनपुरी स्थित वार्ड नंबर चार में माधो सिंह के परिवार के घर में कुछ दिन पूर्व सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई थी। हादसे में घर का काफी सामान जलकर नष्ट हो गया था, जिससे परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना की जानकारी मिलने पर इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी की टीम पीड़ित परिवार के बीच पहुंची और उनकी परेशानी को करीब से समझते हुए दुख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। क्लब की ओर से तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घर-गृहस्थी की आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं, ताकि आग की घटना से प्रभावित परिवार को दोबारा अपना जीवन व्यवस्थित करने में कुछ मदद मिल सके। इस सेवा कार्य में रोटरी क्लब ऑफ ग्रीन के अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, रोटरी क्लब ग्लोरी की अध्यक्ष रुचि खन्ना, आईपीपी कल्पना गुप्ता, सचिव रिंकी गुप्ता, कोषाध्यक्ष मिताली गुप्ता, संपादिका पूनम कपूर, आईएसओ निधि वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सीमा गुप्ता एवं सलोनी गुप्ता ने सहयोग किया। इसके अलावा सदस्य मीनाक्षी खन्ना, सोनम गर्ग और सुधा गुप्ता सहित क्लब की अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद रहीं। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची मानवता है। किसी परिवार पर विपत्ति आने पर समाज के लोगों को आगे बढ़कर उसका सहारा बनना चाहिए। उन्होंने ईश्वर से माधो सिंह के परिवार को इस कठिन परिस्थिति से उबरने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। क्लब की इस पहल की सराहना की जा रही है। सेवा और सहयोग की भावना के साथ जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आना समाज में सकारात्मक संदेश देता है।

तहसील के सामने शौचालय और लग्जरी मोबाइल टॉयलेट का शैलेंद्र गुप्ता ने कराया लोकार्पण





वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती

पूरनपुर/पीलीभीत। स्वच्छ और सुंदर पूरनपुर बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद लगातार सुविधाओं का विस्तार कर रही है। इसी क्रम में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर की ओर से तहसील परिसर के सामने नवनिर्मित आधुनिक शौचालय और लग्जरी मोबाइल टॉयलेट का भव्य उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा से तहसील आने वाले फरियादियों, वादकारियों, अधिवक्ताओं, राहगीरों और आम नागरिकों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के पिता राम बहादुर गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने कर-कमलों से आधुनिक शौचालय एवं मोबाइल टॉयलेट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वच्छता केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तहसील के सामने प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगरवासी अपने जरूरी कार्यों से पहुंचते हैं। ऐसे में यहां आधुनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को विशेष सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही लग्जरी मोबाइल टॉयलेट भी सार्वजनिक स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने में उपयोगी साबित होगा। नगर पालिका का प्रयास है कि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण के साथ आवश्यक सुविधाएं उनके नजदीक ही उपलब्ध कराई जाएं। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, नगर पालिका के समस्त सभासद, पालिका कर्मचारी और नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल को नगरहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि पूरनपुर के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आगे भी इसी तरह कार्य कराए जाते रहेंगे। उन्होंने नगरवासियों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने और सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने की अपील की।

देवहा नदी के क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण का रास्ता साफ, राज्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

1 अरब 55 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से होगा निर्माण, दर्जनों गांवों को मिलेगी आवागमन की सुविधा

वेलकम इंडिया संवाददाता



अमरिया/पीलीभीत। तहसील क्षेत्र के भंगा मोहम्मद गंज के पास देवहा नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने पुल निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस परियोजना के लिए करीब 1 अरब 55 करोड़ 51 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। पुल का निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को अमरिया तहसील मुख्यालय और जिला मुख्यालय तक पहुंचने में बड़ी राहत मिलेगी। करीब दो वर्ष पूर्व बरसात के दौरान देवहा नदी में आई बाढ़ से भिखारीपुर माधौपुर मार्ग पर भंगा मोहम्मद गंज के पास बने पुल की एप्रोच सड़क सहित कई स्थानों पर सड़क कटकर नदी में समा गई थी। इसके बाद से इस मार्ग पर आवागमन बंद हो गया था। भिखारीपुर, जंगरौली आशा, कुर्री, गुलड़िया दुल्हन, सिमरिया गौसू, महचंदी समेत दर्जनों गांवों का अमरिया तहसील मुख्यालय से सीधा संपर्क टूट गया था। ग्रामीणों को ब्लॉक और तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए करीब 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। पुल निर्माण के लिए भूमिपूजन होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें आवागमन की पुरानी सुविधा मिल सकेगी। भूमिपूजन से पहले राज्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों से संवाद किया और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सपा सरकार के कार्यकाल में बने पुल के निर्माण में गुणवत्ता और तकनीक का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण पुल क्षतिग्रस्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार पुल का निर्माण मजबूत तकनीक से कराया जाएगा, ताकि बाढ़ का पानी भी उसे नुकसान न पहुंचा सके। राज्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ काम कर रही है। हर वर्ग और धर्म के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने आगामी चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर धर्म और वर्ग के लोगों के घर पहुंचकर संवाद करेंगे।

कपिलवस्तु कोड बड़ी विकास सौगात, 23 जर्जर मार्गों की मरम्मत के लिए 4.74 करोड़ रुपये मंजूर

विधायक श्यामधनी राही के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग ने स्वीकृत की 4 करोड़ 74 लाख 55 हजार की धनराशि, ग्रामीणों को आवागमन की परेशानी से मिलेगी राहत

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी



सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने और ग्रामीण इलाकों में आवागमन की सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। क्षेत्र के 23 मार्गों की सामान्य एवं विशेष मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से 4 करोड़ 74 लाख 55 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। विधायक श्यामधनी राही के लगातार प्रयासों के बाद मिली इस स्वीकृति से क्षेत्र की लंबे समय से बदहाल पड़ी सड़कों के दिन बदलने की उम्मीद जगी है। इन मार्गों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण होने से ग्रामीण आबादी को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्र के कई मार्ग लंबे समय से मरम्मत की प्रतीक्षा कर रहे थे। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने और सतह खराब होने के कारण राहगीरों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को इन मार्गों से गुजरने में काफी दिक्कत होती थी। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती थी। ऐसे में 23 मार्गों की मरम्मत के लिए स्वीकृत हुई धनराशि को क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सड़कों की बेहतर स्थिति का सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा। किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी, वहीं विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। इसके अलावा स्थानीय व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और अन्य दैनिक यात्रियों के लिए भी आवागमन पहले की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक होने की उम्मीद है। बेहतर सड़क व्यवस्था से गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से मजबूत होगा और क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

विधायक श्यामधनी राही ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से लगातार शासन स्तर पर विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे जा रहे हैं, ताकि जरूरत के अनुसार सड़कों की मरम्मत, निर्माण और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके।

विधायक ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला होती हैं। अच्छी सड़कें न केवल आवागमन को आसान बनाती हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत सड़क नेटवर्क होने से लोगों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी लंबी परेशानियां नहीं उठानी पड़तीं। उन्होंने कहा कि कपिलवस्तु विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को शासन से स्वीकृति दिलाने के साथ ही उन्हें धरातल पर उतारना उनकी प्रतिबद्धता है। क्षेत्र की जनता की ओर से मिलने वाले सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों के माध्यम से समाधान कराने का प्रयास किया जाता है। 23 मार्गों की मरम्मत के लिए 4 करोड़ 74 लाख 55 हजार रुपये की स्वीकृति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस धनराशि से प्रस्तावित मरम्मत कार्य पूरे होने के बाद कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र की सड़क व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों को आवागमन में राहत मिलने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी गति मिलेगी। विधायक ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे

सड़क सुरक्षा पखवाड़े में 38 वाहनों का चालान, दो निरुद्ध



वेलकम इंडिया संवाददाता



सिद्धार्थनगर। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के चौथे दिन गुरुवार को परिवहन विभाग ने प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए विभिन्न अभियोगों में 38 वाहनों का चालान किया, जबकि दो वाहनों को निरुद्ध किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग के सहयोग से दो विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाने के साथ पंपलेट भी वितरित किए गए। इसके अलावा पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने सड़कों पर अवैध रूप से खड़े टेंपो और ई-रिक्शा को हटवाया। नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी



खेसरहा/सिद्धार्थनगर। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत गुरुवार को खेसरहा थाना क्षेत्र के बनकटा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं को महिला सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों, आत्मसम्मान, स्वावलंबन तथा वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के प्रति विस्तार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के निर्देशन में आयोजित हुआ। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा अथवा अन्य असामाजिक गतिविधियों को चुपचाप सहने के बजाय इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देनी चाहिए। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मविश्वास के साथ किसी भी परिस्थिति का सामना करने तथा जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिलाओं से संबंधित नए कानूनों की जानकारी देते हुए उन्हें कानूनी संरक्षण और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। टीम ने साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी भी व्यक्ति के साथ अपना बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करें तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम में एंटी रोमियो अभियान, शक्ति दीदी और सास-बहू सम्मेलन के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला गया। टीम ने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का समाधान करना और परिवार तथा समाज में महिला सम्मान के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इसमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108 तथा स्वास्थ्य सेवा 102 के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं से इन नंबरों को याद रखने और जरूरतमंद महिलाओं तक भी इनकी जानकारी पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि जागरूकता, आत्मविश्वास और अपने अधिकारों की जानकारी ही महिला सुरक्षा की मजबूत आधारशिला है।

श्याम जायसवाल ने हरीश द्विवेदी, जगदीश पटेल एवं भोला सिंह से स्नेहिल भेंटकर की विस्तृत चर्चा

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में गुरुवार को विधानसभा 302 शोहरतगढ़ के भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के सह-प्रभारी जगदीश पटेल तथा भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं बुलंदशहर के लोकप्रिय सांसद भोला सिंह से स्नेहिल भेंटकर उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान विधानसभा क्षेत्र 302 शोहरतगढ़ के राजनीतिक, सामाजिक एवं विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों, क्षेत्र की जनसमस्याओं तथा विकास की भावी योजनाओं को लेकर भी सार्थक संवाद हुआ। नेता श्याम जायसवाल ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के नेतृत्व से प्राप्त मार्गदर्शन एवं अनुभव निश्चित रूप से जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करने की प्रेरणा देता है। वहीं श्याम जायसवाल ने कहा कि उनका निरन्तर प्रयास है कि विधानसभा 302 शोहरतगढ़ की जनता की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाऊं तथा विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के विकास, जनकल्याण और संगठन की मजबूती के लिए निरन्तर कार्य करता रहूं। उन्होंने कहा जनसेवा का संकल्प, संगठन के प्रति समर्पण और शोहरतगढ़ के विकास की प्रतिबद्धता के साथ निरन्तर आगे बढ़ते रहने का प्रयास जारी रहेगा।

एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन के साथ रेलवे की संरक्षा बैठक आयोजित

दुर्घटना के समय त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों पर हुई चर्चा, स्थानीय नागरिकों को प्रशिक्षण देने पर दिया जोर

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन की अध्यक्षता में गुरुवार, 19 नवंबर 2026 को मंडल कार्यालय स्थित भारतेन्दु सभा कक्ष में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 11वीं बटालियन के साथ संरक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेल दुर्घटनाओं तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, बचाव दल की त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने और जनहानि को न्यूनतम रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन के निरीक्षक यादव कृष्णा कुमार ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न प्रकार की आपदाओं में राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने पुल, सुरंग एवं नदी पर बने पुलों पर रेल दुर्घटना, ट्रेनों की टक्कर, आग लगने की घटनाओं के साथ भूकंप और बाढ़ जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली बचाव तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटनास्थल पर कम से कम समय में पहुंचना, घायलों को सुरक्षित बाहर निकालना और उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करना राहत कार्यों की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से आपदा प्रबंधन की मौजूदा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कहा कि किसी भी रेल दुर्घटना में जनहानि को न्यूनतम करने के लिए राहत एवं बचाव दल का घटनास्थल पर कम से कम समय में पहुंचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुर्घटना के शुरूआती समय में बचाव कार्यों की गति और समन्वय से घायलों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने पूर्व में हुई रेल दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में स्थानीय नागरिकों का सहयोग भी पीड़ितों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रेलवे लाइन एवं स्टेशनों के आसपास रहने वाले नागरिकों को आपदा प्रबंधन और प्राथमिक बचाव कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाना उपयोगी होगा। इससे आपातकालीन स्थिति में राहत दल के पहुंचने से पहले भी जरूरतमंदों को प्रारंभिक सहायता मिल सकेगी। बैठक में उपस्थित रेलवे अधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और आपदा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) अशोक कुमार वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अजय सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुश्री प्रशस्ति श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (ऑपरेशन) अजय कुमार, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) सौरभ राठौर, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) कुंवर सिंह यादव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समाडि) अभिषेक राय, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर द्वितीय अमित मणि त्रिपाठी, मंडल चिकित्सा अधिकारी आशीष गुप्ता, मंडल परिचालन प्रबंधक राजेश पाण्डेय, मंडल संरक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त एन.एम. यादव तथा बनारस कोचिंग डिपो अधिकारी हरिशंकर कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट रवि सिंह एवं निरीक्षक यादव कृष्णा कुमार सहित संबंधित अधिकारी और रेलवे के वरिष्ठ पर्यवेक्षक मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य रेलवे और एनडीआरएफ के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करना तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा और त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को सुनिश्चित करना रहा। बैठक में रेल दुर्घटनाओं के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्व तैयारी की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे और एनडीआरएफ के बीच बेहतर तालमेल से दुर्घटना के समय उपलब्ध संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए दोनों विभागों के बीच नियमित संवाद, संयुक्त अभ्यास और बचाव कार्यों की प्रक्रिया की जानकारी साझा करना महत्वपूर्ण है। बैठक में प्रस्तुत सुझावों को आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत बनाने की दिशा में उपयोगी बताया गया।

महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक एवं सम्मान समारोह में दिखा नारी शक्ति का उत्साह

नई टीम का हुआ सम्मान, संगठन विस्तार और महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी पर दिया जोर

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



वाराणसी। महानगर महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार, 19 नवंबर को महानगर कार्यालय गुलाब बाग में उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आपसी परिचय कराया गया। साथ ही संगठन में उनकी भूमिका, जिम्मेदारियों और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन के प्रति समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाली पदाधिकारियों और कार्यकताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि महिला मोर्चा भाजपा संगठन का महत्वपूर्ण आधार है। महिलाओं को संगठन से जोड़ने, उनकी भागीदारी बढ़ाने और जमीनी स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने में महिला मोर्चा की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति को संगठित कर उन्हें सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। नई टीम अपनी ऊर्जा और सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी जनसंपर्क अभियानों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा पाण्डेय ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती एकजुटता, अनुशासन और टीम भावना पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की प्रत्येक पदाधिकारी संगठन और समाज के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेगी। महिलाओं की समस्याओं को समझने, उनकी सहभागिता बढ़ाने और उन्हें संगठन से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए संगठन की जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया। महानगर महामंत्री पूजा दीक्षित ने कहा कि आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, क्षमता और नेतृत्व का परिचय दे रही हैं। महिला मोर्चा का दायित्व है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं तक पहुंचकर उन्हें जागरूक किया जाए और मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन अमृता गुप्ता ने किया। अंत में प्रीति पुरोहित ने अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरती पाठक, नेहा कक्कड़, चंद्रकला, सपना सिंह, उषा सिंह, सरिता गुप्ता, पूनम जायसवाल, अनीशा शाही, संगीता साहू, दीपशिखा, तरुणा चतुर्वेदी, ज्योति प्रजापति सहित महानगर महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती 22 नवंबर को मनाएंगे सपाई : विष्णु शर्मा

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



वाराणसी। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक, धरती पुत्र स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती 22 नवंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की ओर से विचार गोष्ठी एवं नवनिर्वाचित शिक्षक-स्नातक एमएलसी के स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव 'लक्कड़' एवं उत्तर प्रदेश सचिव तथा पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा 'विश्वकर्मा' ने संयुक्त रूप से बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार, 22 नवंबर 2026 को प्रातः 11 बजे शगुन लॉन, भट्ठी, लोहता, वाराणसी में कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती पर उनके जीवन दर्शन और समाजवादी विचारधारा पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही नवनिर्वाचित शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी लाल बिहारी यादव और आशुतोष सिन्हा का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और सर्वसमाज के हितों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके विचार और संघर्ष समाजवादी कार्यकताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। सपा पदाधिकारियों ने बताया कि जयंती समारोह को लेकर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह है। कार्यक्रम के माध्यम से नेताजी के राजनीतिक जीवन, संघर्ष और समाजवादी विचारधारा को याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में किसानों, मजदूरों, युवाओं और वंचित वर्गों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनके द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय और समानता के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। पार्टी कार्यकताओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा उनके विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें।

विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में अतुल ने मारी बाजी, भूपेंद्र द्वितीय और आफताब तृतीय

वेलकम इंडिया संवाददाता





बुलंदशहर। मेरा युवा भारत, बुलंदशहर के तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में वीआईआईटी में जिला स्तरीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग एवं यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने किया। प्रतियोगिता में युवाओं ने विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने विचारों, विषय की समझ और प्रस्तुतीकरण के आधार पर अतुल को प्रथम, भूपेंद्र को द्वितीय तथा आफताब को तृतीय स्थान प्रदान किया। निर्णायक मंडल में अंजली हरित, डॉ. सुनील दीक्षित, अमित रंजन और अंजू दुबे शामिल रहे। कार्यक्रम में उपनिदेशक राशि मिश्रा, विजय कौशिक, परमानंद एवं जिला उपाध्यक्ष दीपक ऋषि सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची की खामियां होंगी दूर

3032 बीएलओ और 304 सुपरवाइजर जुटे, 17 से 20 नवंबर तक चल रहा टेबल टॉप एक्सरसाइज अभियान

वेलकम इंडिया संवाददाता



बुलंदशहर। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 के तहत जनपद की सातों विधानसभा क्षेत्रों की आलेख्य मतदाता सूचियों में मौजूद त्रुटियों को दूर करने के लिए निर्वाचन विभाग ने कवायद तेज कर दी है। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में 17 से 20 नवंबर तक टेबल टॉप एक्सरसाइज अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से मतदाता सूचियों की गहन जांच कर उनमें दर्ज गलतियों को चिह्नित किया जा रहा है, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया से पहले मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा सके। अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा क्षेत्रवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदाता सूचियों की जांच एवं सत्यापन के लिए जनपद के सभी 3032 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और 304 सुपरवाइजरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संबंधित कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में आलेख्य मतदाता सूचियों का बारीकी से परीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान मतदाताओं के नाम, पते और अन्य आवश्यक विवरणों में संभावित त्रुटियों की पहचान की जा रही है।

जांच के दौरान मतदाता सूची में किसी प्रकार की गलती सामने आने पर नियमानुसार फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन कराया जाएगा। इसके तहत मतदाता के नाम, पते अथवा अन्य विवरणों में मौजूद त्रुटियों को दूर करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निर्वाचन विभाग का प्रयास है कि मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक पात्र मतदाता का विवरण सही रहे और किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण उसे भविष्य में मतदान के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े। अभियान को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बूथ स्तर पर तैनात बीएलओ और सुपरवाइजरों को जिम्मेदारी दी गई है। बीएलओ अपने निर्धारित मतदान केंद्रों की मतदाता सूचियों का परीक्षण कर रहे हैं, जबकि सुपरवाइजर उनके कार्यों की निगरानी और समन्वय की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्रवार इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे निर्धारित समयसीमा के भीतर मतदाता सूचियों की जांच पूरी की जा सके। निर्वाचन विभाग के इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी, शुद्ध और अद्यतन बनाना है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि मतदाता सूची में सही विवरण दर्ज हों और पात्र मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी तरह की परेशानी न हो। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 की तैयारियों के तहत यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण मानी जा रही है। निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर कर आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

नाबालिग से कुकर्म के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

वेलकम इंडिया संवाददाता

बुलंदशहर। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते नाबालिग से कुकर्म के मामले में न्यायालय ने दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। न्यायालय के इस फैसले को गंभीर आपराधिक मामलों में प्रभावी विवेचना और मजबूत पैरवी के परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2016 में नाबालिग के साथ कुकर्म की घटना हुई थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर जहांगीराबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए और जांच पूरी होने के बाद आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले को ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चिह्नित करते हुए पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने इसकी नियमित निगरानी की। साथ ही अभियोजन पक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और अभियोजन पक्ष की दलीलों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी कादिर निवासी जहांगीराबाद को दोषी करार दिया।

गुरुवार, 19 नवंबर 2026 को एडीजे/पोक्सो न्यायालय-3 की न्यायाधीश शगुन पंवार ने मामले में फैसला सुनाते हुए दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। बुलंदशहर पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत गंभीर आपराधिक मामलों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी, साक्ष्यों की समयबद्ध प्रस्तुति और अभियोजन पक्ष के साथ समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

लंबित मांगों को लेकर आयकर विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने दिया अर्धदिवसीय धरना

कैडर रिव्यू, पदोन्नति और आईसीटी नीति की बहाली सहित विभिन्न मांगें उठाईं, अखिल भारतीय पदाधिकारियों ने दिया समर्थन

वेलकम इंडिया संवाददाता



वाराणसी। केंद्रीय संयुक्त संघर्ष समिति (जेसीए) के आह्वान पर जेसीए वाराणसी के तत्वावधान में गुरुवार को आयकर विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अर्धदिवसीय धरना दिया। धरना प्रधान आयकर आयुक्त (आरयू-1), वाराणसी के चैंबर के समक्ष आयोजित किया गया। इसमें विभाग के बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने शामिल होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान और कर्मचारियों के हितों से जुड़े प्रस्तावों को लागू करने की मांग की। धरने में आयकर कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय महासचिव कॉमरेड रूपक सरकार तथा आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ (आईटी गोवा) के अखिल भारतीय महासचिव कॉमरेड जेपी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मांगों का समर्थन करते हुए संयुक्त संघर्ष को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं और लंबित मांगों के समाधान के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। धरने के दौरान कैडर रिव्यू एवं पुनर्गठन प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम रूप देने, गैर-राजपत्रित संवर्गों के भर्ती नियमों में संशोधन करने तथा पात्र कर्मचारियों को समयबद्ध पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा इंटर चार्ज ट्रांसफर (आईसीटी) नीति को बहाल करने, आईटीओएस की अखिल भारतीय अंतर-वरिष्ठता सूची प्रकाशित करने, भारतीय राजस्व सेवा नियमों में आवश्यक संशोधन करने और आईटीबीए में सभी गैर-राजपत्रित कर्मचारियों को कार्य आवंटित करने की मांग भी उठाई गई। कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने विभागीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कर्मचारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही अनावश्यक एवं बार-बार रिपोर्टिंग की व्यवस्था और कृत्रिम समय-सीमाओं को समाप्त करने, कर्मचारियों के हित में आए न्यायिक निर्णयों को लागू करने तथा एसीआईटी/डीसीआईटी ग्रेड में करिजेंडम आदेश जारी करने की मांग रखी। वक्ताओं ने नियमित प्रकृति के विभागीय कार्यों की आउटसोर्सिंग बंद करने पर भी जोर दिया।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिससे उनके मनोबल, कार्यक्षमता और सेवा परिस्थितियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मांगों के समाधान के लिए संगठनात्मक एकता, आपसी समन्वय और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मानजनक सेवा परिस्थितियों से जुड़े मुद्दों को संगठन के माध्यम से निरंतर उठाया जाता रहेगा।

मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग में दो आरोपी को चार-चार साल की सजा

वेलकम इंडिया संवाददाता

बुलंदशहर। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते मारपीट और एससी/एसटी एक्ट से जुड़े मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को चार-चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों दोषियों पर 31,500-31,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। न्यायालय के इस फैसले में पुलिस की विवेचना और अभियोजन पक्ष की पैरवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2016 में सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के गांव पीर बिबयानी निवासी हरवीर और चांद ने बालेश्वर के साथ मारपीट की थी। आरोप है कि इस दौरान दोनों ने उनके साथ जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया था। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 30 अगस्त 2016 को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले को ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत चिह्नित किए जाने के बाद पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने इसकी लगातार निगरानी की। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के साथ समन्वय बनाकर प्रभावी पैरवी की गई। पुलिस की ओर से मामले से संबंधित साक्ष्यों और तथ्यों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गुरुवार, 19 नवंबर 2026 को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ओमप्रकाश वर्मा ने मामले में सुनवाई करते हुए दोनों आरोपियों हरवीर और चांद को दोषी ठहराया। न्यायालय ने दोनों को चार-चार वर्ष के कठोर कारावास तथा 31,500-31,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता विपुल कुमार राघव ने न्यायालय में पैरवी की।

आरकेजीआईटी में डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2026-27 का भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया संवाददाता



गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद में डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2026-27 (गाजियाबाद जोन) का भव्य शुभारंभ हुआ। इस खेल महोत्सव में लगभग 20 महाविद्यालयों के 1,200 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष संचालन एवं मूल्यांकन के लिए विभिन्न महाविद्यालयों से खेल अधिकारी एवं निर्णायक आमंत्रित किए गए हैं।उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत किया गया।

समारोह का विशेष आकर्षण मशाल प्रज्वलन एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा किया गया मार्च पास्ट रहा, जिसने खेल भावना, एकता एवं अनुशासन का संदेश दिया।खेल महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ अतिथियों द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाकर किया गया।

कार्यक्रम में आलोक त्यागी, जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट कोऑर्डिनेटर ने आयोजन की रूपरेखा एवं खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी प्रस्तुत की। इसके पश्चात एच.जी. गर्ग, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, आरकेजीआईटी ने खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. बी.सी. शर्मा, निदेशक, आरकेजीआईटी , डॉ. डी.के. चौहान, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आरकेजी ग्रुप एवं डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, ग्रुप एडवाइजर, आरकेजी ग्रुप ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व, अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना पर अपने विचार साझा किए।

समारोह के मुख्य अतिथि कृष्ण सरूप सूद, पूर्व डीआईजी, सीमा सुरक्षा बल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन के साथ जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का औपचारिक उद्घाटन किया। खेल महोत्सव के अंतर्गत टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

प्रतिभागी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा, कौशल एवं टीम भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले 20 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। संस्थान का उद्देश्य खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सहयोग की भावना विकसित करना है। खेल महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 20 नवंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

मोदीनगर विधानसभा में विकास कार्यों को मिल रही नई गति, विधायक निधि से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण



अनिल वशिष्ठ

मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। ग्राम भोजपुर एवं ग्राम मोहम्मदपुर सुजानपुर में विधायक निधि के अंतर्गत कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का माननीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने विधिवत लोकार्पण किया।

ग्राम भोजपुर में लोकार्पित कार्यः मेन रोड से अल्ताफ के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य, जिसकी अनुमानित लागत 9.42 लाख (जीएसटी सहित) रही।ओमपाल के मकान से शिव मंदिर तक तथा प्रेमचंद वाली गली में इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य, जिसकी अनुमानित लागत 5.05 लाख (जीएसटी सहित) रही।

ग्राम मोहम्मदपुर सुजानपुर में लोकार्पित कार्यः देवी मंदिर से मुखीराम के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, जिसकी लागत 9.98 लाख रही। रॉयल पब्लिक इंटर कॉलेज के सामने इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य, जिसकी लागत 6.55 लाख रही।इन सभी विकास कार्यों पर कुल 31 लाख की धनराशि खर्च की गई है। क्षेत्र के गांवों में सड़क एवं जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा निरंतर प्रयास है कि मोदीनगर विधानसभा का प्रत्येक गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े और क्षेत्रवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। जनसेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारा संकल्प है।

सामुदायिक स्वास्थ्य मोदीनगर पर मतदाता हेल्प डेस्क बनाई गई



वेलकम इंडिया संवाददाता

मोदीनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य मोदीनगर पर चिकित्सा अधीक्षक मोदीनगर एवं उपाध्यक्ष प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ शाखा गाजियाबाद डॉ. दिनेश कुमार के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद डॉ. सचिन वैश्य के आदेश पर एक मतदाता हेल्प डेस्क बनाई गई है, जिस पर अस्पताल में तैनात समस्त स्टाफ, अस्पताल में आने वाले रोगी एवं उनके तीमारदार व आम जनता इस मतदाता हेल्प डेस्क पर पहुंचकर अपने परिवार के सदस्यों की वोटर लिस्ट में वोट जांच सकते हैं, यदि किसी की मतदाता लिस्ट में नाम नहीं है और वह एलिजिबल कैंडिडेट है तो वह हमारे इस हेल्प डेस्क पर ऑनलाइन या ऑफलाइन फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है, यह सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोदी नगर पर निशुल्क प्रात 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक उपलब्ध है, इसलिए आप सभी से चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार के माध्यम से अपील है कि आप सभी इस मतदाता हेल्प डेस्क का लाभ लेते हुए अधिक से अधिक मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करें।

ग्राम भिक्कनपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर आयोजित, 450 पशुपालक हुए लाभान्वित

वेलकम इंडिया संवाददाता



गाजियाबाद। पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सालय मोरटा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिक्कनपुर में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर' एवं पशुपालक गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से क्षेत्र के लगभग 450 पशुपालकों को विभिन्न पशु चिकित्सा सुविधाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। आयोजित शिविर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय प्रमुख ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिन्होंने मेले का शुभारंभ फीता काटकर किया जिसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा गोपूजन किया गया उन्होंने पशुपालकों को संबोधित करते हुए पशुपालन को आय का मुख्य स्त्रोत बनाने तथा विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मेले का संचालन डॉक्टर राहुल चौधरी पशु चिकित्सा अधिकारी मोरटा के द्वारा किया गया।

शिविर के दौरान पशुओं की सामान्य चिकित्सा, बांझपन निवारण, कृमिनाशन एवं निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (गाजियाबाद) डॉ. श्री प्रकाश पाण्डेय एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीत सिंह राणा ने पशुपालकों को पशुओं के बेहतर रखरखाव, संतुलित आहार और मौसमी बीमारियों से बचाव की विस्तृत जानकारी दी। शिविर को सफल बनाने में पशु चिकित्सा अधिकारी (मोरटा) डॉ. राहुल चौधरी, मोबाइल वेटरनरी यूनिट के डॉ. अमित सेन, वेटरनरी फार्मासिस्ट विवेक त्यागी सहित पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। शिविर के दौरान श्री सुमित त्यागी, उदय त्यागी, सोनू प्रजापति, विनोद उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में समस्त ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा जिनमें चौधरी जयवीर सिंह, चौधरी महावीर सिंह, चौधरी अजय सिंह का विशेष सहयोग रहा। शिविर के सफल संचालन हेतु कैमरामैन निशु शर्मा का विशेष सहयोग रहा ।

कॉलोनियों से जुड़े लंबित मुद्दों को लेकर प्रशासन, कंपनी प्रबंधन और श्रमिक प्रतिनिधियों के बीच वार्ता



वेलकम इंडिया संवाददाता

मोदीनगर। संयुक्त जनाधिकार मोर्चा के नेतृत्व में श्रमिकों के अधिकारों, आवासों की सुरक्षा एवं मोदीनगर की 26 कॉलोनियों से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच तेजपाल पोसवाल के अनशन के चलते प्रशासन, कंपनी प्रबंधन और श्रमिक प्रतिनिधियों के बीच लगभग ढाई घंटे तक महत्वपूर्ण वार्ता हुई। वार्ता में एसडीएम मोदीनगर की उपस्थिति में उमेश मोदी ग्रुप, मोदी रबर तथा मोदी स्पिनिंग मिल के प्रतिनिधियों और श्रमिक पक्ष के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। लंबे समय से नोटिस और कानूनी कार्रवाई को लेकर परेशान श्रमिक परिवारों के लिए यह वार्ता का एक महत्वपूर्ण सकारात्मक परिणाम रहा। श्रमिक पक्ष ने संबंधित जमीनों एवं विवादित मामलों की जांच की आवश्यकता रखी। वार्ता में एसडीएम मोदीनगर के समक्ष श्रमिक पक्ष की ओर से देवव्रत धामा के साथ महेश कश्यप, कुलदीप सैनी, निर्दोष खटाना, ओमप्रकाश शर्मा, ओमबीर सिंह, सुशील शर्मा, कृष्णपाल चौधरी सहित अन्य श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कंपनी पक्ष की ओर से उमेश मोदी ग्रुप, मोदी रबर एवं मोदी स्पिनिंग मिल के प्रतिनिधि वार्ता में शामिल हुए।

वैश्य समाज महिला विंग द्वारा राधे गौशाला में आंवला नवमी पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया संवाददाता

मोदीनगर। वैश्य समाज रजि. महिला विंग की अध्यक्ष मिताली अग्रवाल एवं संयोजक रजनी मित्तल ने अपनी महिला वैश्य समाज के सदस्यों के साथ हापुड़ रोड स्थित राधे गौशाला में आंवला नवमी के पावन अवसर पर धार्मिक एवं सेवा भाव से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से आंवला नवमी पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर तुलसी एवं आंवले के पौधों का रोपण किया गया तथा सभी सदस्यों ने पौधों की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात गौमाता को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस आयोजन में महिला विंग की पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ-साथ पुरुष सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सभी के आपसी सहयोग, समर्पण एवं सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं सराहनीय रहा। कार्यक्रम के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया गया। वैश्य समाज महिला विंग ने सभी सहयोगकताओं एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इनके साथ वैश्य समाज के संयोजक देवराज मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंघल नरेश दानी राजेंद्र कुमार गोयल डॉक्टर संजय अग्रवाल और मोहित मोदी भी उपस्थित रहे।

पारिवारिक भरोसे की आड़ में 20 करोड़ के सोना-चांदी पर कब्जे का आरोप

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। पारिवारिक रिश्तों और वर्षों के भरोसे को हथियार बनाकर करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य के सोना-चांदी हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दिल्ली के सराफा कारोबारी परिवार के सदस्यों ने खुद को भारत सरकार की सरकारी टकसाल का अधिकृत एजेंट बताकर राजनगर निवासी एक व्यक्ति को झांसे में लिया। पुश्तैनी सोने के गहनों को कम खर्च में शुद्ध सोने की ईंट में बदलने और चांदी की सिल्लियां खरीदने के नाम पर करीब 20 करोड़ रुपये की संपत्ति अपने कब्जे में ले ली। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राकेश कुमार मित्तल के अनुसार, वर्ष 2022 में एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान उनकी मुलाकात परिचित राकेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता और अन्य लोगों से हुई थी। आरोप है कि उन्होंने घर में अधिक गहने रखने के खतरे बताए और खुद को सरकारी टकसाल का अधिकृत एजेंट बताकर भरोसा दिलाया कि पुश्तैनी सोने को टकसाल में देकर कम खर्च पर शुद्ध सोने की ईंट में बदला जा सकता है। इससे नए गहने बनवाकर बेचने पर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकेगा। आरोप है कि उनकी बातों में आकर राकेश मित्तल ने अगस्त से नवंबर 2023 के बीच रामलीला मैदान घंटाघर के पास अलग-अलग मौकों पर करीब 12 करोड़ रुपये मूल्य के पुश्तैनी सोने के गहने सौंप दिए। इसके बाद अक्टूबर 2024 में आदित गुप्ता के कहने पर उन्होंने एफडी तुड़वाकर 4.50 करोड़ रुपये आरटीजीएस के माध्यम से एक फर्म के खाते में ट्रांसफर किए।

भाजपा कार्यकताओं की बैठक में प्रदेश में 2017 का परिणाम दोहराने का संकल्प लिया

वेलकम इंडिया संवाददाता



मोदीनगर। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री संजय त्यागी ने कस्बा निवाड़ी में किसान और भाजपा कार्यकताओं की बैठक की। जिसमें भाजपा कार्यकताओं ने प्रदेश में 2017 का परिणाम दोहराने का संकल्प लिया।

संजय त्यागी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फिर से 2027 में भाजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। संजय त्यागी ने कहा कि बैठक में कार्यकताओं ने किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, क्षेत्र अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, भंवर सिंह तोमर क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा के नेतृत्व के नेतृत्व में 2017 का परिणाम दोहराने का संकल्प लिया। क्योंकि यहां पर सिंचाई की इतनी अच्छी व्यवस्था, किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड, बिजली के बिलों में राहत देने का कार्य, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सरकार में जीरो टोरेंस, भू माफियाओं को व अपराधियों को उनके स्थान पर पहुंचाने के कार्य पर फिर एक बार योगी सरकार बनेगी। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी जितेंद्र त्यागी एडवोकेट अध्यक्ष प्रवीण त्यागी समिति मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी कपिल लाल देवराज मास्टर राजेंद्र त्यागी सुबोध त्यागी अनुज त्यागी पूर्व सभासद, काफी संख्या में लोगों ने बैठक में हिस्सा लिया और भारतीय जनता पार्टी को उन्हें तीसरी बार सरकार बनाने के लिए संकल्प लिया।

माल्यार्पण कर मनाया स्वर्गीय इंदिरा गांधी का जन्मदिन, एसडीएम से मूर्ति सौंदर्यीकरण की मांग

वेलकम इंडिया संवाददाता



मोदीनगर। मोदीनगर आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी का जन्मदिन वर्कर क्लब स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाया गया। शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के कार्यकर्ता इकट्ठा होकर वर्कर क्लब स्थित इंदिरा गांधी की मूर्ति पर पहुंचे वहां पहुंचकर जब तक सूरज चांद रहेगा इंदिरा का नाम रहेगा इंदिरा गांधी अमर रहे नारे लगाए। वहां से सभी कांग्रेस जन तहसील पहुंचे कर के उप जिला अधिकारी कोमल पवार को इंदिरा की मूर्ति का सौंदर्यकरण, लाइट छत और जीना आदि का निर्माण करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर उन्होंने नगर पालिका मोदीनगर को निर्देशित किया। इस अवसर पर सुनील शर्मा सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन ने कहा कि इंदिरा का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है उन्होंने अपने कार्यकाल में देश की उन्नति और प्रगति के लिए अनेकों कार्य किये।पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने गरीबी हटाओ देश बचाओ का नारा देकर गरीबों के लिए काम कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया इंदिरा जी इस देश के लिए एक महान धरोहर के रूप में है हम सब को उनका अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चांद वीर चौधरी, अभिनव शर्मा, भिखारी लाल कश्यप , जहुर अहमद , बबीता चौधरी , कल्पना सिंह, मुकुल शर्मा , सचिन धामा, आरिफ रिजवी, अमजद इद्रीसी, सुरेश दोसा , साजिद खान, डीपी यादव, अनस सैफी, सुनील कटारिया, फकीरचंद कश्यप, मनोज कुमार जाटव, देवेश कुमार, सौरव कुमार, मोइन खान और रोहित कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और बलिदान को किया नमन, देशभक्ति के रंग में रंगा जयंती समारोह

बीके शर्मा हनुमान बोले- नारी शक्ति, साहस और राष्ट्रभक्ति की मिसाल थीं वीरांगना लक्ष्मीबाई





वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। रेलवे रोड स्थित विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में गुरुवार को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। महासभा के पीठाधीश्वर बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई नारी शक्ति, साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य वीरता का परिचय दिया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उन्होंने युवाओं से रानी लक्ष्मीबाई के आदर्शों को अपनाने तथा बेटियों को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मरक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अशोक भारतीय, सुभाष शर्मा, आलोकचंद शर्मा, ऋषिपाल शर्मा, संदीप शर्मा, दिलीप कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

डीएम का बीएलओ को निर्देश, घर-घर जाकर हर पात्र मतदाता का कराएं पंजीकरण

औद्योगिक संस्थान से लेकर बूथों तक पहुंचे डीएम, पुनरीक्षण कार्यों का लिया जायजा







वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 के तहत मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने गुरुवार को औद्योगिक संस्थान और विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड पहुंचकर कर्मचारियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और विवरणों में संशोधन की प्रक्रिया समझाई। डीएम ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों के साथ उनके परिवार के सदस्यों का भी मतदाता विवरण एकत्र किया जाए। जिन पात्र लोगों का नाम सूची में नहीं है, उनका फॉर्म-6 भरवाया जाए। वहीं नाम, पता या अन्य विवरणों में गलती होने पर फॉर्म-8 के जरिए संशोधन कराया जाए।

फॉर्म जमा करने से पहले नाम की वर्तनी और फोटो सहित सभी जानकारियों की जांच करने को कहा। इसके बाद डीएम ने गाजियाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र के पटेल नगर स्थित चौधरी छबीलदास क्षेत्र के बूथ संख्या 344 से 357 तक निरीक्षण किया। सेवा नगर और पटेल नगर में बीएलओ से करीब एक घंटे तक संवाद कर वितरित एवं प्राप्त फॉर्मों की स्थिति जानी। उन्होंने ईसीआई नेट ऐप के जरिए मतदाता सूची में नाम खोजने और ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी देने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सभी की जिम्मेदारी है। बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन कार्य पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और समयबद्धता से पूरा करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

वसुंधरा की जेकेजी हाइट्स में आग से अफरा-तफरी, बाल-बाल बचे सोसायटी के निवासी

लैट नंबर 801 और 901 में भड़की आग, चार फायर टैंकरों ने संभाला मोर्चा









सोसायटी के निवासी

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। वसुंधरा सेक्टर-18 स्थित जेकेजी हाइट्स सोसायटी में गुरुवार दोपहर आठवीं और नौवीं मंजिल के दो फ्लैटों में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की सूचना दोपहर एक बजे फायर स्टेशन वैशाली को मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने चार फायर टैंकर और एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म घटनास्थल के लिए रवाना किए। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने देखा कि फ्लैट नंबर 801 और 901 आग की चपेट में थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने तत्काल आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों फ्लैटों की आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। साथ ही आसपास के अन्य फ्लैटों को भी आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। घटना के समय फ्लैट 801 के स्वामी सौरभ पात्रा और फ्लैट 901 की स्वामिनी पारुल कश्यप मौके पर मौजूद थीं। राहत की बात रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई की स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन ने सराहना की।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दो घंटे में दबोचा, पुलिस मुठभेड़ में पैर में लगी गोली



वेलकम इंडिया संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। थाना बादलपुर क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने घटना के महज दो घंटे के भीतर आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान रोहित के रूप में हुई है। वह पीड़िता के मामा का दोस्त बताया जा रहा है। आरोप है कि रोहित बच्ची को बहला-फुसलाकर खेत में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही बादलपुर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

22 नवंबर को चलेगा पल्स पोलियो अभियान, जागरूकता के लिए निकाली विशाल रैली





कपिल चौहान

गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)। जनपद में 22 नवंबर को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गुरुवार को सुल्लामल रामलीला मैदान, घंटाघर से विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित विक्रम और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीरज अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में करीब 450 से 500 लोगों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान डॉ. नीरज अग्रवाल ने अभिभावकों से अपील की कि पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो गंभीर बीमारी है, जो बच्चे को जीवनभर के लिए दिव्यांग बना सकती है।

समय पर टीकाकरण से इससे बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली घंटाघर से जीटी रोड होते हुए एमएमजी जिला चिकित्सालय तक निकाली गई।

इसमें 47वीं बटालियन पीएसी, सिविल डिफेंस, डब्ल्यूएचओ, यूएनडीपी, गावी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया।

रैली के माध्यम से लोगों से 22 नवंबर को अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर ले जाकर खुराक पिलाने की अपील की गई।

खोड़ा में दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास, पांच हजार रुपये का जुमार्ना



- ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गाजियाबाद पुलिस की प्रभावी पैरवी लाई रंग, सात साल पुराने मामले में आया फैसला

वेलकम इंडिया संवाददाता


गाजियाबाद। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते दुष्कर्म के एक मामले में अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

थाना खोड़ा में 6 जुलाई 2019 को दुष्कर्म के आरोप में ब्रह्मानंद पुत्र सुक्कू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या-01 गाजियाबाद में हुई।

19 नवंबर 2026 को अदालत ने आरोपी को धारा 376(2) आईपीसी के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और पांच हजार रुपये जुमार्ने से दंडित किया। पुलिस के अनुसार, विवेचक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह ने साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी की। वहीं, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गठित कन्विक्शन सेल के समन्वय और विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार की प्रभावी पैरवी से दोषी को सजा दिलाने में सफलता मिली।

चंद्रशेखर आजाद के घर की कुर्की का आदेश, MP-MLA कोर्ट ने जारी किया नोटिस





वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद की MP-MLA कोर्ट ने नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के घर की कुर्की का आदेश जारी किया है। मामला वर्ष 2018 में साहिबाबाद क्षेत्र के एक शादी समारोह में हथियार लहराने वाले युवक के साथ मारपीट से जुड़ा है। कोर्ट में लगातार पेश नहीं होने पर यह कार्रवाई की गई है। इससे पहले 1 अक्टूबर 2026 को अदालत ने चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी किया था। उन्हें 17 नवंबर को अदालत में पेश होना था, लेकिन वह मुंबई में संसदीय कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के कारण नहीं पहुंच सके। उनके अधिवक्ता चांद आलम ने प्रार्थनापत्र देकर अगली तारीख पर पेश होने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, अदालत ने घर की कुर्की का नोटिस जारी कर दिया। मामले में अगली सुनवाई 8 दिसंबर को होगी।

हीरोइन बनाने का सपना दिखाकर युवती से 90 लाख की ठगी

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। फिल्मों में काम दिलाने और बड़े बजट की फिल्मों में हीरोइन बनाने का सपना दिखाकर एक युवती से करीब 90 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को फिल्म इंडस्ट्री में सहायक निर्देशक बताकर युवती को विश्वास में लिया। रणबीर कपूर के साथ फिल्म में काम दिलाने से लेकर कई फिल्मों में मुख्य भूमिका दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद स्क्रीनिंग, पंजीकरण, सुरक्षा राशि और कर समेत अलग-अलग बहानों से युवती और उसके परिवार से रकम वसूलता रहा। पीड़िता की शिकायत पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित लाबोनी अपार्टमेंट निवासी अंजली कुमारी (33) के मुताबिक, दिसंबर 2024 में उनकी मां के फेसबुक खाते पर अमोल कोचे नाम के व्यक्ति ने संपर्क किया था। उसने खुद को फिल्म इंडस्ट्री में सहायक निर्देशक बताया और फिल्मों में काम दिलाने का प्रस्ताव दिया। बाद में उसने अंजली से संपर्क कर रणबीर कपूर के साथ फिल्म के अलावा जॉली एलएलबी-3, मुठभेड़, आशिकी-3 और द बुल जैसी फिल्मों में काम दिलाने का भरोसा दिया। आरोप है कि आरोपी ने शुरूआत में मुंबई में शूटिंग, प्रोफाइल फोटो और पंजीकरण के नाम पर तीन हजार रुपये मांगे। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिए संपर्क कर धीरे-धीरे रकम की मांग बढ़ाता गया। उसने अंजली को मुख्य भूमिका के लिए चुने जाने की बात कहकर सुरक्षा राशि और कर के नाम पर डेढ़ लाख रुपये मांगे।

पटाखे की चिंगारी से कार बनी आग का गोला, GH-7 सोसायटी के बेसमेंट में मची अफरा-तफरी





वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित GH-7 सोसायटी के टावर-7 के बेसमेंट में बुधवार आधी रात पटाखे की चिंगारी से एक कार में आग लग गई। कार कवर से ढकी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक पास खड़ी दूसरी कार से निकलकर पटाखा जलाता दिखाई दे रहा है। पटाखे की चिंगारी से पहले कार के कवर में आग लगी और देखते ही देखते लपटों ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही सोसायटी में अफरा-तफरी मच गई। गश्त कर रहे सिक्योरिटी गार्ड ने मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना दी। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड, फायर सेफ्टी टीम और स्थानीय निवासियों ने फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझने से आसपास खड़े अन्य वाहन चपेट में आने से बच गए। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पटाखा जलाने वाले युवक की भूमिका चर्चा में है।

स्कूलों में विशेष PTM आयोजित, पात्र मतदाताओं के बनवाए गए वोट

18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं के भरवाए प्रपत्र-6, वोट स्थानांतरण के लिए प्रपत्र-8 की दी जानकारी

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक (स्पेशल पीटीएम) का आयोजन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में शिक्षकों और बड़ी संख्या में अभिभावकों ने हिस्सा लिया।







बैठक के दौरान अभिभावकों को ECINET ऐप के इस्तेमाल, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और नाम में संशोधन कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। विशेष रूप से एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं और मतदाता सूची में नाम दर्ज न करा पाने वाले पात्र लोगों के लिए प्रपत्र-6 भरवाए गए। वहीं, मतदाता पहचान पत्र में पता बदलने और वोट स्थानांतरण के लिए प्रपत्र-8 की प्रक्रिया समझाई गई। अभिभावकों को ECINET ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने आसपास के पात्र लोगों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करें, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

आवासीय प्लॉटों पर 80 डंपर कचरा डालने का आरोप, विरोध पर धमकी

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। मसूरी क्षेत्र में आवासीय प्लॉटों पर भारी मात्रा में कचरा डंप करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि उनकी और अन्य लोगों की जमीन पर करीब 70 से 80 डंपर कचरा डाल दिया गया। इतना ही नहीं, प्लॉटों की चारदीवारी भी तोड़ दी गई और खुले में डाले गए कचरे में आग लगाई जा रही है। शिकायत के आधार पर मसूरी पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मसूरी के नालीपाड़ा निवासी शौकीन अली पुत्र कलुवा खां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मसूरी स्थित खसरा नंबर 493 के अंतर्गत उनकी और अन्य लोगों की भूमि पर कुछ लोग मनमाने ढंग से कचरा डंप कर रहे हैं। आरोप है कि संदीप दूबे, शाहनवाज और ठेकेदार अतुल गर्ग समेत अन्य अज्ञात लोग अलग-अलग स्थानों से करीब 70 से 80 डंपर कचरा लाकर वहां डाल चुके हैं।